आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 09 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-192 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मध्य प्रदेश पुलिस ने कफ सिरप दवा कंपनी के मालिक को किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा,9 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप के कारण 20 बच्चों की मौत के बाद दवा कंपनी के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। चेन्नई पुलिस की सहायता से मध्य प्रदेश पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी सामने आई है कि कंपनी मालिक रंगनाथन को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से गिरफ्तार किया गया है। मासूम बच्चों की मौत के बाद कंपनी मालिक रंगनाथन फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी कड़ी में पुलिस ने गुरुवार सुबह उसे अरेस्ट कर लिया। रंगनाथन को आगे की जांच के लिए सुंगुवरछत्रम ले जाया जा रहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में 20 बच्चों की जिस 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप से मौत हुई थी, वह श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स ने बनाई थी। जांच में खुलासा हुआ कि



सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से ज्यादा थी, जिससे बच्चों के गुर्दे (किडनी) फेल हो गए। इस घातक लापरवाही के बाद राज्य सरकार ने श्रीसन फार्मा के सभी उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया।


मामले में सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी जमानत याचिका भी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एडीजे), परासिया ने खारिज कर दी। मृतकों में छिंदवाड़ा जिले के 18 और बैतूल जिले के 2 बच्चे शामिल हैं। घटना के बाद मामले में सीएमएचओ डॉ. नरेश गोनारे और सिविल सर्जन को पद से हटा दिया गया, जबकि डॉ. सुशील कुमार दुबे को सीएमएचओ का प्रभार सौंपा गया। मध्य प्रदेश पुलिस ने मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। इसके अलावा, तमिलनाडु की दवा कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का कहना है कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी अपराधी बच न पाए।

### कुतुल से नीलांगुर महाराष्ट्र बॉर्डर तक एनएच-130-डी का होगा निर्माण

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति तेज करने सरकार सतत प्रयासरत : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 9 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के निर्माण को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने कुतुल से नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक 21.5 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस सड़क के निर्माण के लिए न्यूनतम टेंडर देने वाले ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया शर्तों सहित पूरी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर को दिए गए हैं। कुल तीन खंडों में निर्मित होने वाले 21.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण हेतु लगभग 152 करोड़ रुपए न्यूनतम टेंडर दर प्राप्त हुई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह उल्लेखनीय है कि कुतुल, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित है और कुतुल से महाराष्ट्र सीमा पर स्थित नीलांगुर की दूरी 21.5 किलोमीटर है। यह नेशनल हाईवे 130-डी का हिस्सा है। इस सड़क का निर्माण टू-लेन पेव्ड शोल्डर सहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएच-130डी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 195 किलोमीटर है। यह एनएच-30 का शाखा मार्ग (स्पर रूट) है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक जाता है। आगे महाराष्ट्र में यह बिंगुंडा, लहरे, धोदराज, भमरगढ़, हेमा, लकासा होते हुए आलापल्ली तक पहुँचता है, जहाँ यह एनएच-353डी से जुड़ जाता है। इस मार्ग के विकसित होने से बस्तर क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़




जाएगा और व्यापार, पर्यटन एवं सुरक्षा को बड़ी मजबूती प्राप्त होगी। नेशनल हाईवे 130-डी का कोण्डागांव से नारायणपुर तक का लगभग 50 किमी हिस्सा निर्माणाधीन है। नारायणपुर से कुतुल की दूरी 50 किमी है और वहाँ से महाराष्ट्र सीमा स्थित नीलांगुर तक 21.5 किमी की दूरी है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई 195 किमी है, जिसमें से लगभग 122 किमी का हिस्सा कोण्डागांव-नारायणपुर से कुतुल होते हुए नीलांगुर तक छत्तीसगढ़ राज्य में आता है। इस सड़क के बन जाने से बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से सीधा और मजबूत सड़क संपर्क मिलेगा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा सुलभ हो सकेगी।



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सहयोग से इस नेशनल हाईवे के अबूझमाड़ इलाके में स्थित हिस्से के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस और निर्माण की अनुमति प्राप्त हुई, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण का रास्ता खुल गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी केवल सड़क नहीं बल्कि बस्तर अंचल की प्रगति का मार्ग है। हमारी सरकार ने इस परियोजना को तेजी देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। इस सड़क से बस्तर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सड़क न केवल छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ेगी, बल्कि बस्तर अंचल के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति तेज करने के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

# आचरण का मार्गदर्शन प्रदान करती है वाल्मीकि की रामायण : मोहन भागवत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भगवान राम सदैव अस्तित्व में रहे हैं। लेकिन महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम को घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने विश्व के दुखों को दूर करने के लिए रामायण की रचना की थी। भारतीयों को मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी के रूप में इस संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। संघ प्रमुख ने यहां वाल्मीकि समाज सेवा मंडल की ओर से आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह ही हैं जो भगवान राम को हमारे जीवन में लाए। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि ने रामायण लिखी और इसे लोगों के साथ साझा किया क्योंकि उनका हृदय करुणा और अपनेपन की भावना से भरा था। संघ प्रमुख ने कहा कि भगवान राम हमें सिखाते हैं कि जीवन कैसे जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण हमें बताती है कि परिवार के प्रत्येक



सदस्य को एक-दूसरे के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए। एक आदर्श सेवक कैसा होना चाहिए, एक आदर्श मंत्री को राजा का मार्गदर्शन कैसे करना चाहिए। भगवान राम इन गुणों का उदाहरण हैं, और उनके समर्पित अनुयायी भगवान हनुमान हैं। भागवत ने कहा कि रामायण में विभीषण और सुग्रीव जैसे भक्ति के अनगिनत उदाहरण हैं। जीवन में हर प्रकार के व्यक्ति के लिए, वाल्मीकि की रामायण आचरण का मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने केवल एक कहानी नहीं सुनाई, हमें जीवन के लिए एक शाश्वत संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आध्यात्मिकता, सद्भावना और अच्छे आचरण के लिए प्रसिद्ध है और यह विरासत रामकथा से उपजी है।

## भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंध नई ऊँचाई पर: मोदी

**मुंबई,9 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापक आर्थिक व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर के बाद भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंध नई ऊँचाइयों पर पहुँच रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्टारमर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसी जुलाई में ब्रिटेन की मेरी यात्रा के दौरान, हमने ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि आज, प्रधानमंत्री स्टारमर के साथ, शिक्षा क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली प्रतिनिधिमंडल आया है। यह बहुत खुशी की बात है कि ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय अब भारत में अपने परिसर खोलने के लिए तैयार हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच कल व्यावसायिक नेताओं का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन हुआ। आज, हम इंडिया-यूके सीईओ फोरम और ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल को संबोधित करेंगे। इन सब से भारत-यूके सहयोग को और मज़बूत करने के सुझाव और संभावनाएँ सामने आएँगी।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद यह पहली बार है, जब काबुल से कोई मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधि नई दिल्ली का दौरा कर रहा है। मुत्तकी की यह यात्रा लगभग एक सप्ताह की है। इसे दोनों देशों के बीच संवाद की नई पहल के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी का नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है।

### राजधानी में कांग्रेस का सृजन अभियान

# नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर विचार मंथन शुरू

**रायपुर,9 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस संगठन में नए सिरे से सृजन अभियान के तहत रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर मंथन शुरू हो गया है। इस सिलसिले में कांग्रेस के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडधे ने गुरुवार को रायपुर में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में चल रही है। बैठक में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक शैलेश पांडे और धनेंद्र साहू सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित है। कांग्रेस के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडधे ने बताया कि यह प्रक्रिया एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) के निर्देश पर चल रही है, जिसका उद्देश्य जिला कांग्रेस कमेटियों को और अधिक सक्षम और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि संगठन में परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और पार्टी इसे नई ऊर्जा और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाना चाहती है। प्रफुल्ल गुडधे ने कहा कि यह अभियान "संगठन सृजन" का हिस्सा है, जिसमें कार्यकर्ताओं की राय और सुझावों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक, विधानसभा और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रायशुमारी की जाएगी, ताकि योग्य और सर्वमान्य नामों का चयन हो सके। बैठक में यह भी तय किया




गया कि छह नामों का एक पैनल तैयार कर एआईसीसी को भेजा जाएगा, जिसमें विभिन्न वर्गों – एसी,एटी,ओबीसी और सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। प्रफुल्ल गुडधे ने कहा, "हम चाहते हैं कि संगठन में हर वर्ग की भागीदारी हो। 35 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो सक्रिय, कांग्रेस विचारधारा से जुड़े और साफ छवि वाले हों। जिन पर कोई आपराधिक प्रकरण नहीं हो और जिनका चरित्र निर्विवाद हो, उन्हें दावेदार बनाया जाएगा।" उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से रायशुमारी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की जाएगी। गुडाडे ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा, "कृपया किसी के दबाव या प्रभाव में आकर मत दें। अपनी राय पूरी ईमानदारी और निर्भयता से जिला कांग्रेस के समक्ष रखें। यह अवसर है कि संगठन के भविष्य के लिए आप अपनी सच्ची राय दें।" प्रफुल्ल गुडधे ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर 121 चर्चाएं आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी। इसके बाद नामों का पैनल तैयार कर 20 अक्टूबर तक एआईसीसी को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चाहता है कि संगठन निचले स्तर से मजबूत हो और सभी वर्गों को समान अवसर मिले। इसलिए नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति विचारधारा, प्रतिबद्धता और जनाधार के आधार पर की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक

बता दें कि छत्तीसगढ़ के लिए सप्तगिरि उलाका, अजय कुमार लल्लू, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी. खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बंसल, डॉ. नितिन राऊत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल गुडाधे, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, सुहिना कावरे, सुरीता चौधरी, रेहाना रेयाज़ चिश्ती, अज़मतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लांबा।

### जिलों में ये हैं प्रमुख दावेदार

| जिला / क्षेत्र | प्रमुख दावेदार |
| --- | --- |
| रायपुर शहर | पंकज मिश्रा, विनोद तिवारी, सुनील कुकरेजा, सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, |
| रायपुर ग्रामीण | भावेश बघेल, नागभूषण राव, पप्पू बंजारे, प्रवीण साहू, विपिन मिश्रा |
| जदगदपुर शहर | वर्तमान अध्यक्ष सुशील मौर्य, अनवर खान, शंकर राव, संतोष यादव |
| धमतरी शहर | विजय देवांगन, नीशू चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव |
| राजनांदगांव शहर | कुलबीर छाबड़ा, मेहुल मारू, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी |
| राजनांदगांव ग्रामीण | भागवत साहू, रूपेश दुबे, महेंद्र यादव, चुम्मन साहू |
| सूरजपुर | भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, शशि सिंह |
| महासमुंद | अमरजीत चावला, अंकित बागबाहरा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अजय नंद |
| जशपुर | अनोज गुप्ता, सहस्त्रांशु पाठक, रवि शर्मा, यूडी मिंज |
| मनेंद्रगढ़ | अशोक श्रीवास्तव, डोमरू रेड्डी |
| जांजगीर | मोतीलाल देवांगन, दिनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, रमेश पैगवार |
| कांकेर | नरेद्र यादव, बसंत यादव, हेमंत ध्रुव, नवली मंडावी, तरेंद्र भंडारी |
| भिलाई शहर | मुकेश चंद्राकर, अरुण सिसोदिया, अतुल साहू, लालचंद वर्मा |
| दुर्ग शहर | धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली |
| बिलासपुर ग्रामीण | आशीष सिंह, प्रेमचंद जयसी, आदित्य दीक्षित, जितेंद्र पांडेय |
| बिलासपुर शहर | शैलेश पांडेय, शिवा मिश्रा, महेश दुबे, सीमा पांडेय, अभयनारायण राय |

# कांग्रेस सरकार में फला-फूला नक्सलवाद: श्यामबिहारी

**रायपुर,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सियासत गरमाने लगा है. माड़ डिवीजन के 16 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. इस मामले में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह डबल इंजन सरकार की इच्छाशक्ति का परिणाम है. पिछली सरकार में नक्सलवाद फला, फूला और बढ़ता गया. कांग्रेस की सरकार में इच्छाशक्ति की कमी थी. इच्छाशक्ति होती तो नक्सलवाद का सफाया हो जाता. वहीं नक्सलवाद को लेकर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि 5 साल तक नक्सलवाद को सिमटते हुए एक पिनपॉइंट पर हमने ला दिया था. अगर हमारी सरकार बनती तो उस पिनपॉइंट को खत्म कर देते. डबल इंजन सरकार नहीं होते हुए भी नक्सलवाद खत्म हो जाता. नक्सलवाद खात्मे पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, 15 साल रमन सरकार ने नक्सल उन्मूलन का काम नहीं किया. भूपेश सरकार में नक्सल उन्मूलन और विकास हुआ. नक्सल क्षेत्रों में 70 कैंप भूपेश सरकार में खुले. विश्वास और विकास का नारा भूपेश सरकार ने दिया. अगर हमारी सरकार बनती तो डबल



इंजन सरकार नहीं होते हुए भी नक्सलवाद खत्म हो जाता.प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गोमाता को राजमाता का दर्जा देने की मांग की है. इस पर मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, गाय की पूजा सदियों से माता के रूप में की जा रही है. गोमाता को राजमाता का दर्जा दिया जाए तो खुशी की बात है. मुझे लगता है कि इसमें किसी को भी आपत्ति नहीं होगी. सनातन संस्कृति में हमेशा गोमाता की जय का नारा लगता है. पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, बोलने और दुष्प्रचार करने में भाजपा माहिर है. जब से सृष्टि बनी है तब से गौ माता को गौ माता ही कहते हैं. यह तो सामान्य प्रक्रिया शुरू से चल रही है.

**मंत्री ने मुगलों से की कांग्रेस की तुलना**-कांग्रेस के घोटालों को लेकर हर दिन हो रहे खुलासे पर मंत्री जायसवाल ने कांग्रेस की तुलना मुगलों से की. घोटालों को लेकर उन्होंने कहा, रहीम ने कहा है – खैर, खून, खांसी, खुशी, बैर, प्रीति, मदपान, रहीमन दाबे न दबे, जानत सकल जहान. आपराधिक चीजों, भ्रष्टाचार को तत्काल कोई नहीं कहता, लेकिन एक न एक दिन ये बातें खुलकर सामने आती है. कभी मुगलों और टीपू सुल्तान को महान बताया जाता था. आज सबको पता चल रहा है ये लूटेरे थे, लूटने आए थे. इसी तरह से कांग्रेस के घोटाले भी खुलकर सामने आ रहे हैं.

**पूर्व गृह मंत्री ने कहा - मंत्री को इतिहास की जानकारी नहीं**-मंत्री ने कांग्रेस की तुलना मुगलों से की. इस पर पलटवार करते हुए पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, श्यामबिहारी जायसवाल को भारत वर्ष के इतिहास की जानकारी नहीं है.

# अब चीन भी रोड़ा नहीं बन पाएगा, भारत को अपना वीटो देगा ब्रिटेन?

**नई दिल्ली,9 अक्टूबर।** रूस भारत का लगातार समर्थन करता है। इस बार के यूएन के सत्र में भूटान एक ऐसा देश था जिसने ये वकालत की कि भारत को स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। रूस ने भी स्थायी सदस्यता की वकालत की। लेकिन तीसरा विश्व युद्ध दुनिया में न हो उसके नाम पर बने संगठन संयुक्त राष्ट्र जिसका संस्थापक सदस्य ब्रिटेन था और भारत उस वक्त ब्रिटिश औपनिवेश हुआ करता था। यूएन में भारत को परमानेंट सीट यानी स्थायी सदस्यता के मुद्दों पर लगातार दुनिया दो धड़ों में बटी नजर आती है। एक बड़ा धड़ा भारत के साथ है जो चाहता है कि भारत को यूएन में स्थायी सीट मिले। यूएन में वीटो मिले। जिस तरह से अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन के पास है। ठीक उसी तरह से भारत के पास भी वीटो होनी चाहिए। इस बात को लेकर कई बार भारत के प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं। रूस भारत का लगातार समर्थन करता है। इस बार के यूएन के सत्र में भूटान एक ऐसा देश था जिसने ये वकालत की कि भारत को स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। रूस ने भी स्थायी सदस्यता की वकालत की। लेकिन तीसरा विश्व युद्ध दुनिया में न हो उसके नाम पर बने संगठन संयुक्त राष्ट्र जिसका संस्थापक सदस्य ब्रिटेन था और भारत उस वक्त ब्रिटिश औपनिवेश हुआ करता था। आज भारत दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। सबसे बड़ा लोकतंत्र है। फिर क्यों भारत के पास यूएन में परमानेंट सीट नहीं है। इसी को लेकर अब सिंगापुर के एक पूर्व राजनयिक का बयान सामने आया। उन्होंने कहा है कि ब्रिटेन को अपनी कुर्सी छोड़ देनी चाहिए और उस कुर्सी को भारत को दे देनी चाहिए। वो ब्रिटेन जिसने भारत के ऊपर 200 सालों तक राज किया। आज उस ब्रिटने की अर्थव्यवस्था भारत से कमजोर है। भारत चौथे नंबर की दुनिया की अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। अभी 100 से ज्यादा लोगों का डेलीगेशन लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत पहुंचे हैं। अभी पिछले ही महीने भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी एफटीए हुआ था। अब उसी को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटिश डेलीगेशन की मौजूदगी भारत में हुई है।

सिंगापुर के पूर्व राजनयिक किशोर महबूबानी ने सुझाव दिया है कि यूनाइटेड किंगडम (यूके) को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी स्थायी सीट भारत को दे देनी चाहिए। उन्होंने महत्वपूर्ण वैश्विक बदलावों, खासकर चीन और भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति पर प्रकाश डाला और इस बात पर ज़ोर दिया कि वैश्विक मंच पर ब्रिटेन की ऐतिहासिक भूमिका अब वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं है। महबूबानी ने सिंगापुर में भू-राजनीतिक बदलावों पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा आज हम जिस बड़े पैमाने पर संरचनात्मक बदलाव देख रहे हैं, वह संभवतः 2,000 वर्षों के इतिहास में सबसे बड़ा है। भारत और चीन के मामले में, ये बदलाव बहुत गहरे हैं। 1980 में, यूरोपीय संघ का संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद चीन से 10 गुना बड़ा था। आज, यूरोपीय संघ और चीन लगभग एक ही आकार के हैं, और 2050 तक, यूरोपीय संघ चीन के आधे आकार का हो जाएगा। यह एक बड़ा संरचनात्मक बदलाव है। उन्होंने भारत की बढ़ती ताकत पर ज़ोर देते हुए उसकी तुलना ब्रिटेन से की। पूर्व राजनयिक ने कहा कि वर्ष 2000 में, ब्रिटिश अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था से लगभग चार गुना बड़ी थी। आज, भारत ब्रिटेन से बड़ा है, और 2050 तक, भारत ब्रिटेन से चार गुना बड़ा हो जाएगा। उन्होंने इस बदलाव को इतना महत्वपूर्ण बताया कि वैश्विक शक्ति के ढाँचे में बदलाव ज़रूरी है। संयुक्त राष्ट्र में सिंगापुर के स्थायी प्रतिनिधि रह चुके महबूबानी ने तब ब्रिटेन से विनम्रतापूर्वक हटने और भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपनी स्थायी सीट लेने देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ब्रिटिशों को इस बारे में उदारता दिखानी चाहिए।

## 20 महीने में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देंगे : तेजस्वी यादव

**पटना,9 अक्टूबर।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने बड़ा चुनावी वादा करते हुए कहा है कि महागठबंधन सरकार 20 महीने के अंदर हर उस घर में एक सरकारी नौकरी देगी, जिस परिवार में कोई नौकरी नहीं करता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार बनने पर 20 दिन के अंदर इसको लेकर कानून बनाया जाएगा। तेजस्वी ने चुनाव की घोषणा के बाद पहला वादा कर दिया है। चुनाव की घोषणा से पहले नीतीश कुमार की सरकार ने अलग-अलग वर्गों के लिए पेंशन, भत्ता और मानदेय बढ़ाने के अलावा मुफ्त बिजली, महिला रोजगार योजना जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया था। तेजस्वी ने उसे नकल बताते हुए कहा था कि अब वो चुनाव की घोषणा के बाद ही अपने पत्ते खोलेंगे। तेजस्वी ने कहा कि शपथ ग्रहण के बीस दिनों के भीतर अधिनियम (कानून) बनेगा और सरकार उसे लागू करेगी। तेजस्वी ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला किया और कहा कि उन्होंने पांच लाख लोगों को नौकरी दी लेकिन कसक अभी बाकी है। पांच साल मौका मिलता तो बहुत काम करते। डबल इंजन वाले वादा बहुत करते हैं लेकिन चुनाव के बाद जुमला बता देते हैं।

## एक नजर

### हुक्का सामग्री के साथ दुकानदार व तीन ग्राहक किए गए गिरफ्तार



**भिलाई,9 अक्टूबर।** हुक्का और तम्बाकू युक्त फ्लेवर सामग्री के साथ दुकानदार व तीन ग्राहक को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया चौहान स्टेट रौक एण्ड रोल फस्ट फ्लोर मौर्या टाकिज के पास सुपेला के दुकानदार राजकुमार मुगम लोगों को अपने दुकान में टेबल कुर्सी में बैठाकर अवैध रूप से हुक्का बार संचालित कर रहा है एवं हुक्का बार से संबधित सामग्री अपने दुकान मे बिक्री करने के लिये छिपाकर रखा है। मुखबीर के बताये स्थान चौहान स्टेट रौक एण्ड रोल फस्ट फ्लोर मौर्या टाकिज के पास सुपेला पहुंचकर छापा मारा पुलिस को आते देख हुक्का पीने वाले कुछ लड़के भाग गये कुछ लडके हुक्का पी रहे थे पूछताछ करने पर अपना नाम अमित खत्री 19 साल निवासी वार्ड क्रमांक 24 सिंधी कालोनी मोहन नगर दुर्गए निशांत नायक 25 साल निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 06 बैगापारा दुर्ग व श्रेयांश चंद्राकर 24 वर्ष निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 06 बैगापारा दुर्ग का रहने वाले बताया तथा मौके पर एक आदमी जो हुक्का से संबधित सामग्री बिक्री कर रहा था। नाम पूछने पर सन ऊर्फराजकुमार मुगम 32 साल निवासी बालाजी नगर वार्ड 30 राम मंदिर के पीछे थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। इसके दुकान से हुक्का पाट बडा 02 नगए हुक्का पाट छोटा 02 नग कुल 04 नग कीमती करीबन 5000 रूए तीन डिब्बा विभिन्न पैकेटो में मिक्स हुक्काए सिल्वार क्वोईल पेपर 03 नगए करीब आधा किलो लकड़ीए कोयला को अपने दुकान से निकालकर जब्त किया। सुपेला पुलिस मामले में धारा 21 (क) 21 (ख) 4 क सिगरेट तंबाकू अन्य उत्पादन अधिनियम 2003 अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### कुत्ते को घायल करने पर जुर्म दर्ज

**भिलाई,9 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत बीती रात स्ट्रीट डॉग से मारपीट कर उसे चोटिल करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है मारपीट के दौरान एक महिला ने वीडियो बना दिया इसके बाद एनीमल वेलफेयर संस्था की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 325 बीएनएस एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जामुल पुलिस ने बताया कि मामले में सड़क 16 सेक्टर 02 निवासी आदर्श राय (29 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आदर्श एनीमल वेलफेयर संस्था का अध्यक्ष है बीती रात करीब 11 बजे उसे 32 एकड हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रतिमा सिंह ने सूचना दी कि हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ में एक स्ट्रीट डॉग को विकास सिंह रात करीब 10.30 बजे बुरी तरह से मारकर चोटिल कर दिया पड़ोस में रहने वाली गरिमा ने उसका वीडियो मोबाइल से बनाया है। इस पर उसन थाना पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है।

### युवक के खाते से 1.95 लाख रुपए पार

**भिलाई,9 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के युवक को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठग ने 1.95 लाख रुपए से ज्यादा की रकम खाते से उड़ा ली। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली है नेवई पुलिस ने बताया कि हिन्द नगर रिसाली निवासी सुमित दिलीप मोदी (27 साल) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 19 सितंबर की शाम 6.54 बजे उसे एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल उठाने पर क हा कि वह ऐक्सिस बैंक से बोल रहा है क्रेडिट लिमिट के संबंध में बात हुई थी। तब प्रार्थी ने जवाब दिया हाँ, फिर खुद को कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप ऐक्सिस बैंक का ऐप ओपन करके क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शन पर क्लिक करें। प्रार्थी ने क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के ऑप्शएन पर टच किया, फिर तुरंत उसे एसएमएस से एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही उसके नंबर पर एक ओटीपी आया और अपने आप ऑटो फिल हो गया। इसके बाद उसके अकाउंट से 1 लाख 95 हजार 500 रुपए कट गए। इस पर उसने धोखाधड़ी का अहसास हो गया। इस पर उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन में कॉल कर घटना के संबंध में जानकारी दी।

इसके बाद थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करा कराई ।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर




**भिलाई, 9 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व ह.शि.वि.बो. अध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे, बृजेश बिचपुरिया, वीरेंद्र साहू, खिलावन साहू, राजेंद्र नायक, तुलसी साहू, निर्मला यादव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। सांसद विजय बघेल ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की विफलताओं के कारण जनता ने भाजपा को चुना है। ओबीसी मोर्चा की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों की उपलब्धियों की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री प्रेम लाल साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने किया। मुख्य वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्रीवासिक साहू ने कहा कि ओबीसी समाज आज देश और विदेश में गौरव का विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं। ओबीसी मोर्चा को सशक्त बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ समाज तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समाज की जनसंख्या लगभग 52 प्रतिशत है। यह समाज राज्य की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाता है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार निर्माण में ओबीसी समाज की भूमिका सबसे अहम रही है। इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, दिलीप पटेल, स्वीटी कौशिक, केशव पटेल, विनोद गुप्ता, पवन यादव, नरेश यदु, देव कुमार साहू, लक्ष्मी कुंभकार, रूपराम साहू, विजय शुक्ला, गजानंद बंछोर, वरुण यादव, प्रशांत गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, शशी भगत, गोपाल साहू, दीपक भोंडेकर, डॉ. प्रदीप चौधरी, द्वारिका चंद्रवंशी, सचिन ताम्रकार, तुषार देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वैशाली नगर कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



भिलाई, 9 अक्टूबर। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर में बौद्धिक संपदा अधिकार ~ सतत विकास के लिए नवाचारों को सशक्त बनाना और रचनात्मकता की रक्षा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 7 और 8 अक्टूबर को किया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीसीओएसटी) रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे उपस्थित रहे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत से हुआ। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. नीता डेनियल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अनुसंधान संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री-उषा समन्वयक डॉ. संजय कुमार दास ने महाविद्यालय के इस योजना में चयन की प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं संगोष्ठी की संरक्षक डॉ. अलका मेश्राम ने कहा कि प्रधानमंत्री-उषा योजना महाविद्यालय के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस प्रकार की संगोष्ठियाँ शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा प्रदान करती हैं। मुख्य वक्ता डॉ. अमित दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से सामान्य विचारों को भी समाजोपयोगी समाधान में बदला जा सकता है। बौद्धिक संपदा अधिकार इन्हें संरक्षित कर सृजनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। तकनीकी सत्र में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हार्दिक वशिष्ठ ने ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। बी.एससी. अंतिम वर्ष से साक्षी गुप्ता, अक्षय शिंदे और अमित कुमार साहू, तथा एम.एससी. रसायन शास्त्र से मयंक, अमित स्वर्णकार और विजयलक्ष्मी यदु ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अवधेश कुमार श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, शासकीय डी.टी. कॉलेज, उतई ने की। उन्होंने अपने समापन संबोधन में कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ विद्यार्थियों को नवाचार और अनुसंधान के प्रति जागरूक बनाती है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी तैयारी की ली समीक्षा बैठक

**दुर्ग, 9 अक्टूबर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय के सभागार में धान खरीदी तैयारी के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक अग्रवाल, खाद्य नियंत्रक श्री अनुराग भदौरिया, उप संचालक कृषि श्री संदीप कुमार भोई, श्री हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री भौमिक बघेल जिला विपणन अधिकारी, भूअभिलेख शाखा के अधिकारी तथा मंडी सचिव उपस्थित रहे।बैठक में फसल सर्वे, एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्रेशन, एकीकृत पोर्टल में डाटा कैरी फारवर्ड, धान खरीदी की अग्रिम तैयारी, विगत वर्ष के धान का उठाव, कस्टम मिलिंग आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। अधिकारियों को धान के फसल भौतिक सत्यापन करने निर्देशित किया गया।

# त्योहारी सीजन में ज्वेलरी कारोबार में तेजी की है उम्मीद:अशोक जाधव



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** सोना-चांदी गलाई एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं माया ज्वेलर्स एंड फाइनेंसर्स के संचालक अशोक जाधव ने कहा कि हाल के दिनों में सोने-चांदी के दामों में लगातार बढ़ोतरी से ज्वेलरी बाजार की चमक भले ही कुछ कम पड़ी हो, परंतु त्योहारी सीजन और शादी-ब्याह के मौसम के चलते ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर दशहरा और दीपावली के दौरान बाजारों में भारी रौनक देखी जाती है, और इस वर्ष भी उपभोक्ताओं का विश्वास बना हुआ है। लोगों में पारंपरिक आभूषणों के प्रति आकर्षण कायम है, हालांकि कीमतों में तेजी के कारण खरीदारी की मात्रा पर असर पड़ा है। जाधव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में आर्थिक उतार-चढ़ाव, डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होना और भू-राजनीतिक अस्थिरता जैसी स्थितियाँ कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल का कारण बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह अनिश्चितता अस्थायी है और आने वाले समय में स्थिति सामान्य होने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं और ज्वेलरी कारोबारियों दोनों के लिए यह धैर्य का समय है। वैश्विक स्तर पर स्थिरता लौटते ही बाजार फिर से गति पकड़ेगा और सोने-चांदी की खरीद में तेजी आएगी। अशोक जाधव ने इस अवसर पर सरकार से यह भी आग्रह किया कि ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों की राहत के लिए जीएसटी की दर को घटाकर 1 प्रतिशत किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिल सके और उद्योग को स्थायित्व मिले।उन्होंने कहा कि सोना-चांदी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है – चाहे धार्मिक अवसर हों, विवाह या निवेश – हर परिस्थिति में इसकी महत्ता बनी रहती है।

# पोषण खजाना से मिली पुष्पा को नई ऊर्जा, सेहतमंद हुई बच्ची

**दुर्ग, 9 अक्टूबर ।** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम भानपुरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जो यह सिद्ध करती है कि नियमित गृहभेट, पोषण संबंधी सलाह, और सामुदायिक सहयोग से कैसे एक गर्भवती महिला का जीवन सकारात्मक रूप से बदल सकता है।ग्राम भानपुरी की नई बहू श्रीमती पुष्पा ठाकुर, जिनकी यह पहली गर्भावस्था थी, को गर्भधारण के शुरुआती महीनों में उल्टी और भूख की कमी जैसी समस्याएं झेलनी पड़ी। गर्भवती होने के बावजूद उन्हें उचित पोषण की जानकारी नहीं थी, और परिवार भी इस स्थिति से चिंतित था। जानकारी के अभाव और शर्म के कारण पुष्पा अपनी समस्या खुलकर नहीं बता पा रही थीं। गांव को कुपोषण मुक्त पंचायत घोषित किए जाने के चलते महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती सोनल सोनी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शशि देवांगन ने पुष्पा के घर लगातार गृहभेंट करना शुरू किया। उन्होंने न केवल पुष्पा को सतत स्तनपान और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण की जानकारी दी, बल्कि परिवार को भी जागरूक किया कि कैसे एक गर्भवती महिला की देखभाल करना आवश्यक है।पोषण खजाना (पौष्टिक आहार), रेडी-टू-ईट फूड का नियमित सेवन, सप्ताह में तीन दिन हरी पत्तेदार सब्जियों का उपयोग, आयरन व कैल्शियम की गोलियों के सेवन जैसे उपायों से पुष्पा के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

# घर से लैपटाप,मोबाइल चोरी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** भिलाई भट्ठी पुलिस ने एक ऐसे भिखारी दंपती को गिरफ्तार किया है जो बिलासपुर से आकर दुर्ग-भिलाई इलाके में घूमकर खुले घरों को निशाना बनाकर मोबाइल और लैपटॉप चोरी करते थे। आरोपियों से चोरी हुआ लैपटॉप और आठ मोबाइल बरामद किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि दंपती ने चोरी किए गए सामानों को दुर्ग रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के नीचे जमीन में गाड़कर छिपा रखा था भट्ठी टीआई राजेश साहू ने बताया कि मामला भट्ठी थाना क्षेत्र के एक घर से एचपी कंपनी का लैपटॉप चोरी हो गया था शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक पुरुष और महिला जो भीख मांगने का काम करते हैं दुर्ग रेलवे स्टेशन के आसपास लैपटॉप और मोबाइल बेचने की कोशिश कर रहे हैं सूचना पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल की उन्होंने बताया कि वे बिलासपुर से दुर्ग-भिलाई इलाके में घूमकर खुले घरों से मोबाइल और लैपटॉप चोरी करते थे चोरी के बाद सामान को ओवरब्रिज के नीचे जमीन में गाड़कर छिपा देते थे ताकि किसी को शक न हो। आरोपी हेमंत सोबर की निशानदेही पर पुलिस ने मौके से 8 मोबाइल और एक एचपी कंपनी का लैपटॉप बरामद किया। इस मामले में दोनों आरोपियों हेमंत सोबर (30 साल) निवासी गजरा चौक, थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर और नागमणि सोबर (25 साल) निवासी गजरा चौक, थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया है सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आया चोर गिरोह टाउनशिप एरिया में कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी थी। चोर भीख मांगने का नया तरीका अपनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा था पिछले 15 दिनों से आधा दर्जन घटनाएं सामने आई ताजा मामले में सेक्टर-1 में एक घर में भीख मांगने के बहाने आए पति-पत्नी ने घर से लैपटाप पार कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। फुटेज में दिखाई दे रहा था कि एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा घर के गेट पर काफी देर तक खड़े हैं। इसके बाद मामले में पति-पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी का खुलासा हुआ

# आयुक्त ने पटाखा दुकान स्थल परिवर्तन के दिए निर्देश



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को जोन-03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत टाटा लाइन पटाखा दुकान, वेडिंग जोन और सेक्टर-02 तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 36, फल मंडी के सामने जी.ई. रोड पर अस्थायी रूप से लगने वाली पटाखा दुकानों के स्थल का परिवर्तन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किया कि अस्थायी पटाखा दुकानों को तीन दर्शन मंदिर परिसर या पावर हाउस लाल मैदान में स्थानांतरित किया जाए, ताकि भीड़भाड़ और सुरक्षा संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 37 में प्रस्तावित नए वेडिंग जोन स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस जोन को पावर हाउस मार्केट के पीछे स्थानांतरित करने पर विचार किया जाए, जिससे यातायात और सुविधा की दृष्टि से बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके। इसके साथ ही आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-02 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। तालाब में घास कटिंग और सफाई कार्य प्रगति पर है।

# गुरु रामदास महाराज के प्रकाश पर्व पर कीर्तन, कथा और छात्रवृत्ति वितरण



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** सिख पंथ के चतुर्थ गुरु गुरु रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हाउसिंग बोर्ड एवं स्त्री सत्संग जथे के संयुक्त तत्वावधान में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर दुर्ग-भिलाई स्त्री सत्संग जथे द्वारा भावपूर्ण शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात हजूरी कीर्तनीयों ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया और गुरु घर के वजीर भाई गुरमीत सिंह जी ने कथा श्रवण कराई। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह चहल एवं महासचिव गुरनाम सिंह ने हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा की नव-निर्वाचित प्रबंधक कमेटी की घोषणा की तथा सभी सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर सिख यूथ सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) एवं कोषाध्यक्ष भाई मलकीत सिंह को समाज सेवा एवं जनहित में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु सरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई द्वारा कुल 1,23,370 रु की छात्रवृत्ति आठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इनमें–महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय के 2 विद्यार्थियों को 9,230, माँ शारदा पब्लिक स्कूल की छात्रा को 25,000, श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस की छात्रा को 20,000, मार बेसलेस विद्या भवन के 2 विद्यार्थियों को 8,475 और 11,650, गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा को 23,015 रु तथा भिलाई नायर समाजम स्कूल की छात्रा को 26,000 रु की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति के सभी सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा हाउसिंग बोर्ड के प्रधान सरदार जसवीर सिंह सैनी ने सभी आई हुई संगत का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर संगत ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति के प्रमुख सदस्य –पलविंदर सिंह रंधावा, बलविंदर सिंह, बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह काला, हरपाल सिंह, हरनेक सिंह सैनी, जसवंत सिंह सैनी, हरजिंदर सिंह, सर्वजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर, रसपाल कौर, सविंदर कौर एवं संतोष कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# इस्पात मंत्रालय की डिप्टी डायरेक्टर जनरल सुश्री संतोष का भिलाई दौरा

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार की डिप्टी डायरेक्टर जनरल सुश्री संतोष ने 8 अक्टूबर को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया और इस्पात निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं का निकट से अवलोकन किया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने इस्पात भवन में उनका स्वागत किया। सुश्री संतोष ने अपने भ्रमण की शुरुआत संयंत्र के सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर से की, जहां कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी ने उनका स्वागत किया और सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी दी। संयंत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, महाप्रबंधक एवं डीएसओ श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोज़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




# सेल में 15 कार्यपालक निदेशक नियुक्त बीएसपी के तीन अधिकारी पदोन्नत

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में 15 मुख्य महाप्रबंधकों को कार्यपालक निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें भिलाई इस्पात संयंत्र के तीन वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। भिलाई में आयोजित समारोह में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने पदोन्नत अधिकारियों को नियुक्ति आदेश सौंपे। सेल मुख्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार अनूप कुमार दत्ता को बोकारो इस्पात संयंत्र में ईडी, अरुण कुमार को ईडी और राजीव पांडेय को कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में ईडी नियुक्त किया गया है।



# बाजारों की सुरक्षा को लेकर चेम्बर ने की आईजी से मुलाकात

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों ने आई.जी. एवं एस.पी. से मुलाकात कर बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग रखी। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों की ओर से मांग रखते हुए कहा कि त्योहारी माहौल में उपभोक्ता और व्यापारी दोनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बाजारों में बंदूकधारी पुलिस बल की तैनाती, नियमित पुलिस गश्त और ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आई.जी. और एस.पी. ने चेम्बर प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सभी प्रमुख बाजारों में बंदूकधारी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा समय-समय पर पुलिस मार्च भी कराया जाएगा, ताकि बाजारों में सुरक्षा और शांति का माहौल बना रहे।



# पीएम आवास योजना के 29 हितग्राहियों को लॉटरी से मिला अपना घर

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 29 मकानहीन परिवारों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए गए। आवंटन कार्यक्रम महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में निगम मुख्यालय सभागार में संपन्न हुआ। दस्तावेज़ परीक्षण और स्वीकृति के पश्चात हितग्राहियों द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराई गई थी।आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई, जिसमें 25 सामान्य वर्ग के हितग्राहियों और 4 वरिष्ठ दिव्यांगजनों को भूतल के मकान आवंटित किए गए। लॉटरी कार्यक्रम के दौरान आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी. मोहन राव और जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### अहिवारा में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ 10 अक्टूबर को

**दुर्ग, 9 अक्टूबर ।** अहिवारा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित नवीन उप पंजीयक कार्यालय अहिवारा का शुभारंभ 10 अक्टूबर, 2025 को वार्ड क्रमांक-04 नगर पालिका परिषद अहिवारा में स्थित रैन बसेरा परिसर में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव एवं सांसद श्री विजय बघेल की अध्यक्षता में संपन्न किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक साजा श्री लाभचंद बाफना, श्री पुरूषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उषा सोनवानी, श्री रविशंकर, जनपद पंचायत धमधा के अध्यक्ष श्री लिमन साहू, श्री विद्यानंद कुशवाहा, श्री सतीश साहू, श्री नटवर ताम्रकार, सतकुमारी ठाकुर, श्री रामजी निर्मलकर एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, नगर पालिका पार्षदगण सहित सम्माननीय नागरिकगणों की गरिमामय उपस्थिति में शुभारंभ किया जाएगा।

## एक नजर

### पं. सुंदरलाल मुक्त विश्वविद्यालय में यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश 15 अक्टूबर तक

**डोंगरगढ़ 9 अक्टूबर।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश तिथि में वृद्धि हुई है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.एस.सी. बी.कॉम, बी.बी.ए. एवं बी.लिब. तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अंतर्गत एम.ए. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एम.ए. शिक्षा, एम.ए. छत्तीसगढी, एम.कॉम., एम.एस.सी. गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एम.एस.डब्ल्यू, एम.बी.ए., एम.लिब. पाठ्यक्रमों में 15 अक्टूबर तक प्रवेश लिया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु विद्यार्थी 9301054893 पर संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की बदली तस्वीर खेलते-खिलखिलाते नन्हे बच्चों का संवर रहा भविष्य

**रायपुर,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र अब पोषण और देखभाल के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के केंद्र बनते जा रहे हैं। महासमुंद जिले के शहरी सेक्टर-1 अंतर्गत संजय नगर-2, दलदली रोड और विश्वकर्मा वार्ड स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र इस परिवर्तन की सजीव मिसाल हैं। रंग-बिरंगी दीवारों, शैक्षणिक चित्रों, खेल-खेल में सीखने के तरीकों और खिलखिलाते बच्चों की उपस्थिति ने इन केंद्रों की छवि पूरी तरह बदल दी है। दीवारों पर उकेरी गई चित्रकारी और संदेश जितनी अच्छी वजन की रेखा, उतना अच्छा बच्चा देखालड़का-लड़की एक समान न केवल बाल देखभाल का संदेश दे रहे हैं बल्कि समाज में समानता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रसार भी कर रहे हैं। यहां बच्चों के साथ गर्भवती माताएं और किशोरी बालिकाएं भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो रही हैं। सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती शीला प्रधान के अनुसार मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, नोनी सुरक्षा, महतारी वंदन योजना और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन इन केंद्रों में हो रहा है। इन पहलों से माताओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रों में स्वच्छता और व्यवस्थापन पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आरओ वाटर प्यूरीफायर, स्वच्छ किचन रूम, खेल सामग्री और खेलघर जैसी सुविधाएं बच्चों को सुरक्षित और प्रोत्साहनकारी वातावरण दे रही हैं। अर्ली चाइल्डहुड केयर के तहत बच्चों को भाषा, गणित और व्यवहारिक ज्ञान की बुनियादी शिक्षा रोचक तरीकों से दी जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रूपा भारती और श्रीमती अंजू चंद्राकर बताती हैं कि बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार से लेकर किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता तक के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महतारी समितियों की नियमित बैठकें माताओं की सहभागिता सुनिश्चित कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम बने। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य और माताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए राज्य में अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों से छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्रों की सूरत बदल रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी अब केवल पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का आधार बन चुकी हैं।

### देशभर में कफ सिरप से हुई मौतों के बाद भी सरकार लापरवाह बनी हुई: दीपक बैज

**रायपुर 9 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर में कफ सिरप की गड़बड़ियों से भी सरकार सचेत नहीं हुई है। केवल एक आदेश निकाल दिया गया कि प्रदेश में 2 साल से कम के बच्चों को कफ सिरप नहीं दिया जाएगा। लेकिन अमानक कफ सिरप की गुणवत्ता जांचने बाजार में उसकी उपलब्धता रोकने कोई कार्यवाही छापेमारी नहीं की गई। आज भी अनेक दवा दुकानों में अमानक कफ सिरप बिक रहा है। लगता है सरकार इंतजार कर रही है कि कोई घटना घटे और उसके बाद वह ठोस निर्णय लेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण प्रदेश में नकली और अमानक दवाएं धड़ल्ले से बिक रही है। लगभग आधा दर्जन से अधिक मेडिकल कालेजों और जिला अस्पतालों में अमानक दवाएं मिली है। पूरा छत्तीसगढ़ नकली दवाओं का गढ़ बन गया है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लोगों तक फायदा पहुंचाने बेहतर कार्य करें : कलेक्टर



**रायपुर, 9 अक्टूबर।** हितग्राहियों को विस्तृत जानकारी देने तथा आपसी समन्वय बेहतर करने के उद्देश्य से बुधवार को बलौदाबाजार जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधनमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना हितग्राही परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी सहित सीएसपीडीसीएल के अधिकारी, वेंडर एवं हितग्राही शामिल हुए।

कलेक्टर श्री सोनी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को जनहितैषी एवं पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला योजना बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाने कहा। उन्होने सीएसपीडीसीएल के इंजीनियरों को निर्देश किया कि सोलर पेनल वेंडरो एवं हितग्राहियो से निरंतर सम्पर्क स्थापित करें और कहीं भी किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसका उचित निराकरण करें। उन्होने सोलर पैनल स्थापित करने वाले वेंडरों की रैकिंग लिस्ट बनाने कहा ताकि लोगों को पता चल सकें कि किस वेंडर के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होने अच्छा काम करने वाले वेंडरो को सम्मानित कराने की भी बात कही। इस दौरान कलेक्टर श्री सोनी ने वेंडरो से उनकी समस्या और सुझाव को सुनकर उचित निरकारण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने लोन लेने के इच्छुक हितग्राहियो को बैंक से लोन लेने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए लीड बैंक मैनेजर को बैंको से आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए।इस दौरान कुछ हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। बलौदाबाजार के नीलकंठ साहु ने बताया कि लगभग 3 माह पहले उन्होंने योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगवाया है। पहले 1500 से 1700 तक बिजली बिल भरना पड़ता था लेकिन अब मुश्किल से 50- 60 रुपये ही आ रहा है। इसीतरह भुवन सिंह ठाकुर ने भी बताया कि पहले 3500 रुपये बिजली बिल आता था लेकिन अब बहुत कम आ रहा है। बताया गया कि जिले को योजना के तहत जिले को 12000 हितग्राहियों के घर में सोलर पेनल लगाने का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध अब तक 1700 आवेदन प्राप्त हुए है और से 331 हितग्राहियों के घर में सोलर पैनल स्थापित किया गया है।

### मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन में हुए शामिल

# पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली हमारी सांस्कृतिक पहचान और जनसेवा की धरोहर : मुख्यमंत्री

रायपुर,9 अक्टूबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार सभी पंजीकृत वैद्यों को प्रशिक्षण देकर उन्हें पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान करेगी, ताकि दस्तावेज़ों के अभाव में उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सम्मेलन में मुख्यमंत्री का स्वागत प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वैद्यों ने पारंपरिक जड़ी-बूटी की माला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पद्मश्री श्री हेमचंद मांझी का उल्लेख करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्र में रहकर भी मांझी जी गंभीर बीमारी का उपचार अपने पारंपरिक ज्ञान से करते हैं। अमेरिका से भी लोग उनके पास उपचार के लिए आते हैं – यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वैद्य परंपरा हमारे देश की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है। भारत में लगभग 60 से 70 हजार वैद्य हैं, जिनमें से लगभग 1500 वैद्य छत्तीसगढ़ में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मान्यता दी है। छत्तीसगढ़ पूरे देश में एक हर्बल स्टेट के रूप में पहचान बना चुका है। अकेले छत्तीसगढ़ में ही डेढ़ हजार से अधिक औषधीय पौधे पाए जाते हैं। दुर्ग जिले के पाटन स्थित जामगांव में औषधीय पौधों से अर्क निकालने के लिए एक कारखाना स्थापित किया गया है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में कार्यों को गति देने के लिए पृथक आयुष मंत्रालय का गठन किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता वाली जड़ी-बूटियां उपलब्ध हैं। राज्य सरकार क्लस्टर आधारित मॉडल विकसित कर रही है, ताकि स्थानीयता के आधार पर उपलब्ध जड़ी-बूटियों का अधिकतम उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्थानीय वैद्यों को



रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके साथ ही औषधीय पौधों और वृक्षों के संरक्षण की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि वैद्यों का समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने पद्मश्री श्री हेमचंद मांझी की तुलना रामायण काल के सुषेन वैद्य से करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुषेन वैद्य ने लक्ष्मण जी का दुर्लभ उपचार किया था, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में श्री मांझी दुर्लभ से दुर्लभ रोगों का सफल उपचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत वैद्यों का योगदान न केवल मानव स्वास्थ्य बल्कि पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अमूल्य है।

#### वैद्य अपने पूर्वजों के ज्ञान से लोगों की कर रहे सेवा

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने कहा कि राज्य के उन आंतरिक क्षेत्रों में, जहां आधुनिक चिकित्सा सेवाएं नहीं पहुंच पातीं, वहां परंपरागत वैद्य अपने पूर्वजों के ज्ञान के माध्यम से लोगों की सेवा करते हैं। इन वैद्यों को सशक्त बनाना और संरक्षण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सम्मेलन में प्रदेशभर से आए वैद्यों ने अपने कर्तव्य के प्रति सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 25 वैद्यों को कच्ची औषधीय पिसाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित डॉ. देवयानी शर्मा की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में दुर्ग वन वृत्त के परंपरागत वैद्यों द्वारा संरक्षित पारंपरिक उपचार पद्धतियों और औषधीय पौधों का संकलन किया गया है। सम्मेलन को छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ श्री जे. ए. सी. एस. राव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश चतुर्वेदी, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति श्री प्रदीप कुमार पात्रा, प्रदेशभर से आए वैद्य गण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### स्कूल का फर्नीचर बेचने के मामले में टुण्डरा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय टुण्डरा के प्रभारी प्राचार्य श्री रमेशर बंजारे को विद्यालय का फर्नीचर निजी विद्यालयों को बेचने के मामले में दोषी पाए जाने पर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामवासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि प्रभारी प्राचार्य रमेशर बंजारे ने शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अनुशंसा पर विद्यालय के उपयोगी टेबल-बेंच निजी स्कूलों को बेच दिए। शिकायत पर 13 सितंबर 2025 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल द्वारा दूरभाष पर मौखिक सूचना प्राप्त होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा ने तहसीलदार टुण्डरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कसडोल एवं संकुल समन्वयक टुण्डरा, नरघा तथा कुम्हारी की संयुक्त टीम से स्थल निरीक्षण एवं जांच कराई।

जांच में यह पाया गया कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यालय के 67 नग टेबल-बेंच ज्ञान अमृत विद्यालय, टुण्डरा तथा 40 नग टेबल-बेंच धाविका पब्लिक स्कूल, शिवरीनारायण (जिला जांजगीर-चांपा) को बेचे गए थे। यह कृत्य शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग एवं पदीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही का प्रतीक पाया गया।प्रभारी प्राचार्य का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन पाया गया। अतः उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार-भाटापारा नियत किया गया है तथा उन्हें नियम अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### नीलकंठ साहू को मिला पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

**बलौदाबाजार, 9 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी नीलकंठ साहू ने इस योजना से जुड़कर न केवल अपने घर की बिजली खर्च में भारी बचत की है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहे हैं।

श्री साहू ने बताया कि मैं कुछ महीने पहले रिश्तेदार के घर अभनपुर गया था, जहां मैंने पहली बार पीएम सूर्यघर योजना के तहत लगाए गए सोलर पैनल को देखा। इससे प्रेरित होकर मैंने भी करीब तीन महीने पहले अपने घर की छत पर 2 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाया तब से मेरे घर का बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत शासन से सब्सिडी भी प्राप्त हुई है। यह बहुत ही सराहनीय पहल है, जिससे न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण भी सुरक्षित हो रहा है। श्री नीलकंठ



साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मैं 'मुफ्त बिजली योजना' का लाभ उठा रहा हूं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे रहा हूं। मैं आमजनों से भी अपील करता हूं कि वे इस योजना का लाभ अवश्य लें। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को सोलर पैनल स्थापित करने हेतु शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है।

### वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**बलौदाबाज़ार,9 अक्टूबर।** वाइल्डलाइफ वीक के अवसर पर बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में कैप्चर टू कंजर्व विषय पर आयोजित वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि प्रतियोगिता में दुबे कॉलोनी रायपुर के अश्विनी तिर्की ने प्रथम,सरोना रायपुर के आलोक सिंह ने द्वितीय और बालोद के लोकेंद्र भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अश्विनी तिर्की ने अपने द्वारा खींची तस्वीर को 'प्रीडेटर्स ऑफ़ डिफरेंट स्काइज़'नाम दिया जिसमें उन्होंने जंगल में एक ही समय में एक बाघ और उल्लू को अपने कैमरे के लैंस में क़ैद किया है ।वहीं आलोक सिंह ने अपनी कृति को 'मदर एंड कब' नाम दिया जिसमें मादा तेंदुआ अपने शावक के साथ पेड़ की शाखा पर विश्राम करती नज़र आ रही है। इसी प्रकार लोकेंद्र भंडारी ने अपनी कृति को 'मदर्स लव' नाम दिया,जिसमें मादा हाथी अपने बच्चे को स्नेह करती नज़र आ रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 96 फोटोग्राफर्स ने हिस्सा लिया था।

## समाचार संक्षेप

### गांजा,नशीली टेबलेट एवं ब्राउन शुगर को विधिवत किया गया नष्ट

**बलौदाबाजार 9 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीले टैबलेट एवं ब्राउन शुगर का नष्टीकरण किया गया। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 12 मामलों मे जप्त कुल 175.472 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 01 प्रकरण में 31 नग नशीली टैबलेट एवं 1.85 ग्राम ब्राउन शुगर की विधिसम्मत नष्टीकरण की कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान के अंतर्गत नियमानुसार अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन के फर्नेस मे मादक पदार्थों को जलाकर की गई।



उपरोक्त नष्टीकरण की कार्यवाही केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति प्राप्त कर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी बलौदाबाजार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

### आबकारी विभाग की टीम ने 144 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की

**बलौदाबाजार, 9 अक्टूबर।** आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार वृत्त थाना लवन ग्राम जुड़ा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी परमेश्वर खूंटे पिता हुसैन खूंटे साकिन जुड़ा थाना लवन के कब्जे से 800 पाव नग (144 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड) विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बल्क जब्त किया गया। विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की का बाजार मूल्य 96 हजार रूपए होना पाया। आरोपी के विरूद्ध छश्रीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) एवं 36 प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी.माधव राव, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच के डोंगरगढ़ ब्लाक के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा नियुक्त



**डोंगरगढ़ 9 अक्टूबर।** डोंगरगढ़ के युवा समाज सेवी के समाजिक कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन निर्देशानुसार एवम सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव मिनेश मिश्रा जिलाध्यक्ष युवा मंच राजनादगांव नितिन शुक्ला के अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने युवा समाजसेवी आदित्य मिश्रा को डोंगरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष युवा मंच का प्रभार नियुक्त किया गया है।इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतक एवं समाज के युवा वर्ग सहित वरिष्ठजनों ने बधाई दी है।

### पठियापाली स्कूल में नई शिक्षिका के आने से बदली शिक्षा की तस्वीर

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** कोरबा जिले के करतला विकासखंड के ग्राम पठियापाली स्थित पूर्व माध्यमिक शाला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक बन चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप इस विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ने से शिक्षा का स्तर उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पूर्व में विद्यालय में केवल तीन शिक्षक कार्यरत थे, जो 107 विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहते थे। शिक्षकों की सीमित संख्या के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत हाल ही में हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान विषय हेतु श्रीमती सविता यदु की पदस्थापना की गई। उनके आने से विद्यालय के शैक्षिक वातावरण में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। श्रीमती यदु की नवाचारी शिक्षण पद्धति ने विद्यार्थियों में सीखने के प्रति जिज्ञासा और उत्साह उत्पन्न किया है। कहानियों, खेलों और उदाहरणों के माध्यम से वे बच्चों को सहज और रोचक ढंग से पढ़ाती हैं। कक्षा 6वीं के छात्र हिमांशु ने बताया कि 卐मैडम के आने से पढ़ाई समझ में आने लगी है,卐 वहीं छात्रा परिधि ने कहा, अब स्कूल में पढ़ाई मजेदार हो गई है। विद्यालय में अब प्रत्येक कक्षा को पर्याप्त समय और ध्यान मिल रहा है, जिससे बच्चों की उपस्थिति और अभिभावकों का विश्वास दोनों बढ़े हैं।



# फूड सेफ्टी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 5 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया

**बलौदाबाजार,9 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर फूड सेफ्टी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को भाटापारा में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खेमजी होटल सदर बाजार भाटापारा में कुल 35 प्रकार की मिठाई, नमकीन एवं चांदी वर्क की जांच की गई जिसमें से 33 का रिपोर्ट मानक प्राप्त एवं 2 रिपोर्ट झूठा प्राप्त हुए। घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने पर मौके पर 5 नग सिलेंडर जब्त किया गया। विक्रय हेतु डिस्पले किए गए कुछ नमकीन और खाद्य पदार्थों में नियमानुसार लेबल लगाना नहीं पाया गया। खाद्य तेल का उपयोग 2-3 बार से अधिक उपयोग किए जाने (टीपीएम 25 प्रतिशत से अधिक) पर लगभग 10 लीटर खाद्य तेल नष्ट किया गया। कारखाने में



कर्मचारी बिना हैंड गलोव्स,हेड गियर एवं एप्रन के कार्यरत थे। संस्था में कोई व्यक्ति फास्टैक ट्रैन्ड नहीं मिला। फूड पार्सल के लिए न्यूज पेपर का उपयोग किया जाना पाया गया। कार्यरत कर्मचारियों का एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेशन नहीं पाया गया। उपरोक्त बिन्दुओं पर नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर सुधार का निर्देश दिया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने पर मौके पर पाए जाने पर 5 नग सिलेंडर जब्त किया गया।

### किसानों को चाहिए कि वे फसल की नियमित निगरानी करें, रोज या 3 दिन में खेत का निरीक्षण जरूर करें

# धान फसल में रोग एवं कीट प्रबंधन के लिए दी तकनीकी सलाह

**बलौदाबाजार,9 अक्टूबर।** जिले में धान की फसल बाल निकलने से लेकर दाना भरने की अवस्था में है जो फसल के विकास का अत्यंत संवेदनशील चरण माना जाता है। इस अवस्था में पौधों को भरपूर पोषण, उपयुक्त नमी तथा रोग व कीट से संरक्षण की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ दिनों से हल्की वर्षा, बादल छाए रहना और रात के समय अधिक आर्द्रता का वातावरण बना हुआ है। दिन में हल्की धूप, शाम के समय उमस, तथा रात में ठंडी और आर्द्र जलवायु का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। औसतन रात के समय आर्द्रता 85 से 95 प्रतिशत तक पहुँच रही है, साथ ही तापमान 25 से 30 सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो फफूंदजनित और जीवाणुजनित रोगों के प्रसार के लिए अत्यधिक अनुकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न कर रहा है। इस



समय खेतों में पौधों की बढ़वार घनी होने के कारण हवा का पर्याप्त आवागमन नहीं हो पा रहा, जिससे खेतों में नमी लंबे समय तक बनी रहती है। यही स्थिति ब्लास्ट, शीथ ब्लाइट तथा बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट (बीएलबी) जैसे रोगों के तीव्र प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है। साथ ही, फसल के दाना भरने की अवस्था में खेतों में जलभराव और अत्यधिक नमी की स्थिति में भूरा महुए कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ने की संभावना है। यह कीट पत्तियों के निचले हिस्से में छिपकर रस चूसता है और पौधे को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है। गंभीर अवस्था में हॉपर बर्न की स्थिति बनती है, जिसमें पौधे सूखकर झुक जाते हैं। इसके अतिरिक्त, तना छेदक कीट की गतिविधियाँ भी सक्रिय हो रही हैं, जिससे पौधों में डेड हार्ट और व्हाइट ईयर हेड जैसी अवस्थाएँ दिखाई दे सकती हैं। वहीं, हाल के वर्षों में पैनिकल माइट नामक सूक्ष्म कीट का प्रकोप भी बढ़ा है, जो बालियों में दाने भरने को प्रभावित करता है, जिससे दाने बदरंग रह जाते हैं और फसल की गुणवत्ता घटती है। मौसमी दशाओं को देखते हुए यह भी देखा जा रहा है कि खेतों में नाइट्रोजन उर्वरक का अत्यधिक प्रयोग, घनी बुआई, जलभराव और सिंचाई के अनुचित प्रबंधन के कारण रोग एवं कीट संक्रमण की संभावना और अधिक बढ़ जाती है। अतः किसानों को चाहिए कि वे फसल की नियमित निगरानी करें, प्रत्येक से 3 दिन में खेत का निरीक्षण करें, विशेष रूप से निचले भाग की पत्तियों और तनों को ध्यानपूर्वक देखें।

#### धान की बीमारियां

ब्लास्ट रोग-यह फफूंदजनित रोग पाइरिकुलेरिया ओराइजे से होता है। प्रारंभ में पत्तियों पर छोटे-छोटे हल्के बैगनी रंग के छोटे-छोटे धब्बे बनते हैं जो धीरे-धीरे बढ़कर आँख के सामान बीच में चौड़े तथा किनारों पर संकरे हो जाते हैं। रोग बढ़ने पर बालियों की गर्दन पर संक्रमण होता है जिससे बालियाँ काली होकर झुलस जाती हैं और दाने नहीं भरते। इसके नियंत्रण के लिए ट्राईफ्लोक्सीस्ट्राबिन 25 टेबुकोनाजोल 50 प्रतिशत डब्ल्यू बी, 0.4 ग्रा./लीटर पानी में छिंडकाव 12-15 दिन के अंतर से करे।रोगग्रस्त खेत में नाइट्रोजन की अतिरिक्त मात्रा न दें और अच्छी जल निकासी सुनिश्चित करें। शीथ ब्लाइट -यह रोग राइजोक्टोनिया सोलानी नामक फफूंद से होता है। सबसे पहले निचली पत्तियों की म्यान पर गोल या दीर्घाकार भूरे धब्बे बनते हैं जो बाद में ऊपर की ओर फैलकर पत्तियों को सुखा देते हैं।

## यह बदलाव पहली बार देखने को मिल रहा

संपादकीय

बस्तर में नक्सली संगठन के तौर पर कमजोर होते जा रहे हैं। कोई संगठन तब मजबूत होता है जब उसके पास मजबूत नेतृत्व रहता है और सदस्यों की संख्या बढ़ती रहती है। बड़े नेताओं के मारे जाने से जब संगठन नेतृत्वविहीन हो जाता है तो संगठन भी कमजोर होता है। नए सदस्यों की भर्ती नहीं होती है तो मारे जाने के डर से नक्सली संगठन के सदस्य सरेंडर करने लगते हैं तो इससे साफ हो जाता है कि नक्सली अब नेतृत्वविहीन हो गए है, उनके पास ऐसा कोई नेता नहीं है जो उनको आश्वस्त कर सके कि मेरे रहते संगठन कमजोर नहीं होगा, किसी को जान का कोई खतरा नहीं है। किसी भी संगठन के सफाए के लिए जरूरी होता है कि पहले संगठन को हर तरह से यानी सांगठनिक,आर्थिक, सामाजिक, हथियार,खाद्य आपूर्ति के तौर पर कमजोर किया जाए। गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों की संख्या व कैंपों की संख्या बढ़ाकर नक्सलियों को यह संदेश दिया कि अब संख्या बल में सुरक्षा बल तुमसे ज्यादा है यानी सांगठनिक तौर पर तुमसे ज्यादा है और बेहतर है। इससे पहली बार नक्सलियों को एहसास कराया गया तुम अब बस्तर में शक्तिशाली नहीं है, तुमसे शक्तिशाली सुरक्षा बल हैं। नक्सलियों को सांगठनिक तौर पर कमजोर करने यह पहला कदम था, बस्तर में सुरक्षा बलों व कैंपों की संख्या ज्यादा होने के बाद,सूचना तंत्र को मजबूत किया गया, इसके बाद बड़े आपरेशन चलाकर नक्सलियों के बड़ी संख्या में रोज सफाए का अभियान चलाया गया, रोज नक्सलियों को घेरकर मारा गया। बड़े बड़े नेताओं को घेरकर मारा गया। जब बड़े नेता मारे जाने लगे तो इससे नक्सलियों में पहली बार मारे जाने का खौफ पैदा हुआ और पहली उनको अपने लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित जंगल असुरक्षित लगा। बड़े नेता खुद मारे जाने लगे तो नक्सलियों को लगा जब बड़े नेता मारे जा रहे हैं तो उनका मारा जाना भी तय है, इससे नक्सलियों ने जान बचाने के लिए बड़ी संख्या में रोज सरेंडर करने लगे। सरकार भी यही चाहती है कि नक्सलियों को मारे जाने की जगह सरेंडर करवाया जाए। संगठन में ज्यादातर नक्सली बस्तर के ही लोग हैं। इसलिए सरकार की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि सरकार किसी को मारना नहीं चाहती है वह बस्तर को नक्सलीमुक्त करना चाहती है बिना गोली चलाए यदि नक्सली सरेंडर करते है तो ऐसा हो सकता है। सरकार ने नक्सलियों के पुनर्वास के लिए अच्छी योजना भी बनाई है, सरेंडर करने वालों नक्सलियों के पुनर्वास से भी यह संदेश गया है कि मुख्य धारा में शामिल होने से कोई नुकसान नहीं है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों से नक्सलियों के बार पूरी सूचना मिलने से बस्तर में नक्सली कहीं भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं, इस बात एहसास नक्सलियों को हो रहा है, इसलिए अब कहीं 70 नक्सली एक साथ सरेंडर कर रहे हैं तो कहीं सौ से ज्यादा नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। यानी अब मारे जाने वाले नक्सलियों से सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या कई गुना ज्यादा हो गई है। हाल में यह खबर सामने आने के बाद अब नक्सलियों का पूरा माड डिवीजन सरेंडर करना चाहता है, इसके लिए उन्होंने तारीख भी तय कर ली है,इससे साफ हो गया है कि नक्सली नेतृत्वविहीन हो गए है, उनको एकजुट करने वाला कोई बड़ा नेता नहीं रह गया है,उनमें मारे जाने का खौफ इतना ज्यादा हो गया है कि अब एक डिवीजन के नक्सली एक साथ सरेंडर करना चाहते हैं। इससे पहले नक्सलियों की तरफ से ऐसी कोई खबर नहीं आती थी यानी नक्सली मारे जाते थे लेकिन इसका पूरे डिवीजन पर कोई फर्क नहीं पड़ता था पहली बार नक्सलियों के बड़ी संख्या में सरेंडर करने का परिणाम है कि अब डिवीजन के तौर पर नक्सली सरेंडर करने की सोच रहे हैं। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारों से आपरेशन रोकने की मांग की गई है। इसके अलावा नक्सलियों के जारी किए गए पत्र से भी साफ हो जाता है नक्सली मान रहे हैं कि आंदोलन में जरूरी बदलाव समय के हिसाब न करने के कारण आंदोलन लगातार कमजोर हुआ है।आंदोलन में जनता की सक्रिय भागीदारी कम हुई है। इससे साफ है कि सरकार की नक्सलियों के सफाए की योजना सफल है, क्योंकि इस योजना के कारण ही नक्सलियों को पहली एहसास हुआ है कि सरकार उनका सफाया करना चाहती है तो वह कर सकती है। आंदोलन के लिए पहले जान देने वाली नक्सली अब आंदोलन के लिए जान देने को तैयार नहीं है तो साफ है कि सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है वह उसे तय समय मे ही हासिल कर सकती है।

व्यंग्य

डॉ .सूर्यकांत मिश्रा

## अथ श्री मोबाइल कथा



जीवन जिसके बिना अधूरा लगे । मन किसी काम को करने की इजाजत न दे । ऐसा लगने लगे कि उदास मन के साथ जीकर क्या करेंगे ? तब बिना विलंब के इन समस्याओं से निजात पाने प्रयास शुरू कर देना चाहिए ! मै बात करना चाहता हूं भारतीय परिवेश में रची -बसी एक भद्र महिला की । वह दिन भर अपनी पारिवारिक जवाबदारी में खटती रहती थी । बच्चों की पढ़ाई से लेकर घर की हर तरह की जिम्मेदारी ने उसे जकड़ रखा था ! असीमित उत्तरदायित्व के चलते वह शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करने लगी थी । उसका चेहरा , उसकी सुस्ती का दर्पण बन गया था । इन्हीं सारी जवाबदारियों के कारण उसे उच्च रक्तचाप की बीमारी ने जकड़ लिया था ! उसके जीवन का उमंग , हँसी - खुशी सब न जाने कहां फुर्र हो गई थीं । जैसा कि हर व्यक्ति के जीवन में वर्ष में एक बार होता है , उसके साथ भी हुआ । उसका जन्म दिन आया और उसकी एक शुभचिंतक मित्र ने उसे इस सदी का सबसे उत्तम उपहार " स्मार्ट फोन " देकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं । महिला ने अपने समय को संयोजित करते हुए वाट्सअप सहित अन्य प्रकार से अपने इष्ट मित्रों से वार्तालाप करना शुरू कर दिया । कुछ ही दिन में आश्चर्यजनक रूप से उसका रक्तचाप सामान्य स्तर पर आ गया ! शरीर की सारी चिकित्सा रिपोर्ट भी सामान्य आने लगी ! उसने इसे वाट्सअप कृपा मानकर स्मार्ट फोन की पूजा करना शुरू कर दिया ! स्मार्ट फोन के वशीभूत उस भद्र महिला की स्थिति सुधरती देख उसकी एक मित्र ने पूछा - बहन तुम इतनी स्वस्थ और खुश कैसे रहने लगी हो ! तब उसने स्मार्ट फोन में समाए वाट्सअप का जिक्र किया । उसकी मित्र को भी समस्या से निजात पाना था । इस नियत से उसने पूछा यह कौन सा व्रत है ? इसे कैसे किया जाता है ? इससे क्या - क्या लाभ होता है ? वह भी इस व्रत को करना चाहती है ! कृपया पूरी विधि विस्तार पूर्वक बताओ ! अब उस भद्र महिला ने " वाट्सअप कथा " की विधि बताना शुरू किया । प्रातः काल जल्दी शैय्या का त्याग करो ! स्नान कर शुद्ध होने के बाद मोबाइल भगवान के दर्शन अपनी आत्मा में करो ! वाट्सअप पर अपने लोगों को शुभ संदेश भेजा ! सुबह के काल में गुड मॉर्निंग मैसेज तो संध्या के बाद गुड नाइट मैसेज करना कभी न भूलें ! ऐसा न करने पर मोबाइल देवता नाराज हो सकते हैं ! जब भी काम के दौरान या काम के पहले और बाद थोड़ा भी समय मिले वाट्सअप जप जरूर करें ! वाट्सअप भगवान और इंस्टाग्राम देव के दर्शन से मन शुद्ध हो जाता है और किसी प्रकार का भय नहीं सताता ! एक ग्रुप में आए वाट्सअप मैसेज को पूरे भक्तिभाव के साथ अनेक ग्रुपों का मार्ग दिखाओ ! इस दौरान मन को शांत रखो । गुस्सा भूल कर भी मत करो अन्यथा प्रार्थना फलीभूत नहीं होगी ! किसी से रूठने के विषय में तो तनिक भी न सोचो ! सबसे बड़ी सावधानी यह बरतें कि भूल से भी किसी भी ग्रुप का साथ न छोड़ो !

उस महिला ने पूरे विधि - विधान से अपनी मित्र द्वारा बताई गई वाट्सअप कथा के अनुसार व्रत का पालन किया । महज चार माह में ही व्रत का फायदा उसे दिखने लगा ! घरेलू काम के बाद शरीर में आने वाली थकान सहज ही दूर होने लगी ! कमजोरी और थकावट के कारण अलसाए मन की आलस न जाने कहां गायब हो गई ! उसके चेहरे की मुस्कान भी पहले की तुलना में कहीं अधिक चमकने लगी ! ईर्ष्या वश उस महिला की एक मित्र ने उसका मजाक उड़ाया और उसके मोबाइल को छीनकर पटक दिया । ऐसा करने के कुछ ही घंटों पश्चात उसकी परेशानियां बढ़ने लगीं ! उसके बच्चों से बिना किसी कारण उसका विवाद शुरू हो गया ! सब एक - दूसरे पर चिड़चिड़ाने लगे ! महिला का बी पी और शुगर भी बढ़ने लगा ! लगातार घर में कलह का वातावरण बनने लगा ! अंततः उसे अपनी भूल का अहसास हुआ । उसने मोबाइल देव से क्षमा - प्रार्थना की । माफी के लिए खूब गिड़गिड़ाई । कहने लगी मै मूरख आपके प्रभाव को समझ न सकी और गलती कर बैठी । उसकी आर्तवाणी को सुनकर मोबाइल देवता प्रकट हुए और उसे दर्शन देकर कहने लगे । तुमने जिस महिला के मोबाइल देवता को तोड़ा है उसकी भरपाई करो ! खुद और अपने बच्चों के लिए मेरे नए स्वरूप में प्रकट मॉडल को खरीदो ! इंटरनेट का जुगाड करो ! हर प्रकार की सुविधा इंस्टाग्राम से लेकर वाट्सअप और फेसबुक आदि को अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करो ! कुछ ही समय में तुम्हारी सारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी ! इसमें तनिक भी संदेह न करो ! इतना कहकर मोबाइल देवता अंतर्ध्यान हो गए ! महिला ने उनके द्वारा बताए गए उपायों को किया , जिसके प्रभाव से उसके घर में फिर से पहले की तरह खुशियां लौट आईं !



मोबाइल व्रत कथा को पूरे वर्ष भर बिना किसी प्रकार का संदेह और संकोच के प्रत्येक वार और तिथि पर सुना - पढ़ा और सुनाया जा सकता है । इसे पूरी श्रद्धा से श्रवण करने वालों को दुनिया की किसी प्रकार की तकलीफ छू भी नहीं सकती ! जब भी कथा की समाप्ति हो , सभी श्रद्धालु फेसबुक और वाट्सअप के माध्यम से प्राप्त हुए वीडियो और मैसेज को प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर अपने - अपने घर को लौटें ! यह ध्यान रखें कि प्रसाद का तिरस्कार कर घर लौटने पर पत्नी अथवा पति या बच्चों और माता - पिता से कलह का दोष लग सकता है ! इस व्रत को जब भी शुरू करें , अपने मन में पूरे समर्पण भाव के साथ मोबाइल देवता का स्मरण कम से कम 21 बार जरूर कर लेवें । इस व्रत को पूर्व जन्मों में करने वालों को सीधे संचार विभाग में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ । इतना ही नहीं सारी सुविधाएं उन्हें मुफ्त में प्राप्त हुईं । मोबाइल व्रत कथा को अपनी लेखनी के माध्यम से आप सभी पाठकों के बीच लाने वाले कलमकार को स्वयं मोबाइल देवता ने दर्शन देकर आशीर्वाद दिया कि उनके हाथ में थामे गए मोबाइल पर कभी भी हैंग होने जैसी बीमारी नहीं लगेगी । साथ ही उन्हें कभी भी नेट वर्क समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा । वे जहां भी खड़े होंगे स्वयं मोबाइल देवता उन्हें कनेक्टिविटी से जोड़े रखेंगे । इस व्रत के व्रती को कभी भी बी पी , शुगर जैसी बीमारियां नहीं सताएगी । यदि पहले से इन बीमारियों की चपेट में हों तो इस व्रत के चलते उन्हें नियंत्रण में रखा जा सकेगा । मोबाइल देवता की पूजा आप काम के वक्त भी कर सकते हैं । जैसा कि कथा में दो महिलाओं को इस व्रत का अपार लाभ मिला , हो सकता है भगवान मोबाइल आप पर भी कृपा बरसाएं और खुशियों की सौगात मिल सके । इस कथा को पढ़ने वालों को तो फायदा होता ही है , फॉरवर्ड करने वालों को भी असीम लाभ प्राप्त होते हैं । दोनों हाथ खड़े करके श्रद्धा के साथ सभी पाठक दोहराएं - जय मोबाइल देवता की , सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हों , किसी को मोबाइल देवता के बिना जीवन न जीना पड़े ।

## अंधविश्वास की बेड़ियाँ : अशिक्षाजनित सामाजिक जड़ता और विकास में बाधा

दृष्टिकोण

संजीव ठाकुर



आश्चर्य की बात है कि आज के इस वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और डिजिटल युग में भी शिक्षित जनमानस अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की जंजीरों से मुक्त नहीं हो पाया है। विज्ञान की ऊँचाइयों को छूने वाला मनुष्य जब वास्तु-दोष, ग्रह-शांति, राहु-केतु और कालसर्प योग जैसी अवधारणाओं के मोहपाश में जकड़ा दिखाई देता है, तो यह न केवल समाज की मानसिक परतों का दर्पण बन जाता है, बल्कि शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर देता है। आज मकानों में तथाकथित वास्तु-दोष को दूर करने के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निरर्थक है। यह उस अंधविश्वास का जीवंत उदाहरण है जो हमारी तार्किक चेतना पर हावी हो चुका है। आँकड़े बताते हैं कि ऐसे मिथ्या विश्वासों के जाल में फँसे लगभग 90% शिक्षित युवा वर्ग अपनी विवेकशक्ति को पीछे छोड़ चुका है।

अशिक्षा और अज्ञानता ने न केवल अंधविश्वास को जन्म दिया है, बल्कि धार्मिक कट्टरता और सामाजिक संकीर्णता को भी गहराई तक फैला दिया है। जब अत्यंत शिक्षित लोग भी तर्क से अधिक परंपराओं और भ्रमों को महत्व देने लगते हैं, तो यह समाज और राष्ट्र दोनों के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है। वास्तव में, शिक्षा वह दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विवेक की ज्योति प्रज्वलित करता है। यही शिक्षा मनुष्य को वैज्ञानिक आधार पर सोचने, प्रमाणों के सहारे सत्य को स्वीकार करने की शक्ति देती है। कभी मानव जाति यह मानती थी कि पृथ्वी चपटी है, किंतु विज्ञान ने अपने प्रयोगों से यह सिद्ध कर दिया कि पृथ्वी गोलाकार है — और मानव ने इसे तर्क और प्रमाण के बल पर स्वीकार भी किया। यही शिक्षा का प्रभाव है। शहीद भगत सिंह ने जब "नौजवान भारत सभा" की स्थापना की थी, तब अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट लिखा था — "धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के सबसे बड़े शत्रु हैं; उनसे मुक्त हुए बिना हम स्वतंत्र और आधुनिक नहीं बन सकते।" यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। देश की युवा शक्ति यदि अपनी ऊर्जा अंधविश्वास के उन्मूलन में लगाए, तो सामाजिक क्रांति का नया अध्याय लिखा जा सकता है। शिक्षा और विज्ञान ही वे दो पंख हैं जिनसे मानव सभ्यता ने चाँद तक की उड़ान भरी और पूरी दुनिया को सूचना-प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक परिवार की तरह जोड़ दिया। ऐसे में "बिल्ली रास्ता काट जाए तो काम रुक जाता है", "छींकना अपशकुन है", या "कौवा बोले तो मेहमान आएंगे" — जैसी मान्यताएँ हमारे सामाजिक विवेक का उपहास मात्र हैं। अंधविश्वास के सबसे घिनौने रूपों में से एक है तंत्र-मंत्र के नाम पर पशु या बाल-बलि देना। यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज में भय और अज्ञान को स्थायी रूप से स्थापित करता है। दुर्भाग्य यह है कि ऐसे "धोखेबाज तांत्रिक" इन भयभीत और अंधविश्वासी लोगों को भूत-प्रेत, ग्रहदोष या कालसर्प के नाम पर ठगते हैं — और यह व्यवसाय अब गाँवों से निकलकर शहरों के बड़े मीडिया मंचों तक पहुँच गया है। यह विडंबना है कि टीवी चैनलों और अखबारों में ऐसे अंधविश्वासी विज्ञापन खुलेआम प्रकाशित होते हैं, जो तर्कशीलता के बजाय अंधश्रद्धा को बढ़ावा देते हैं। सच तो यह है कि अंधविश्वास किसी विशेष वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा; यह विकसित देशों तक भी किसी न किसी रूप में विद्यमान है, परंतु भारत में इसकी जड़ें अशिक्षा के कारण अधिक गहरी हैं। इसलिए, हमें प्राथमिक स्तर से ही ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना होगा जो बच्चों में तर्कसंगतता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रश्न करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करे। मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अंधविश्वास-विरोधी जनचेतना अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। केवल वही राष्ट्र सशक्त और प्रगतिशील बन सकता है, जहाँ विज्ञान, तर्क और शिक्षा को अंधश्रद्धा पर वरीयता दी जाती है। हमें यह निश्चय करना होगा कि हमारे समाज में अंधविश्वास, कट्टरता और मिथ्या आडंबरों के लिए कोई स्थान न रहे — तभी हम एक विज्ञान-समर्थ, विवेकशील और आधुनिक भारत की कल्पना को साकार कर पाएँगे।

## राजस्थान में है भारत का एकमात्र करवा माता मंदिर

करवाचौथ 2025 इस वर्ष 10 अक्टूबर को है, जहाँ राजस्थान के सवाई माधोपुर स्थित करवा माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। अरावली पर्वत पर करीब एक हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर में सच्ची श्रद्धा से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है और सुहागिनों को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। इस बार करवाचौथ का त्योहार 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाओं के लिए यह व्रत बेहद खास होता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती है। पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का व्रत रखा जाता है, इससे वैवाहिक जीवन में सुख प्रदान होता है। इस दिन करवा माता की पूजा की जाती है। आज हम आपको इस लेख में भारत का एकमात्र करवा चौथ माता मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। क्या मंदिर की खासियत आपको बताते हैं।

**कहां पर स्थित है करवा माता मंदिर**-राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बरवाड़ा गांव में करवा माता का मंदिर स्थित है। इस मंदिर की मान्यता काफी दूर-दूर से प्रचलित है। करवा माता मंदिर अरावली पर्वत पर करीब एक हजार फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस मंदिर के आसपास की सुंदरता देखकर आपक मन भी मोह लेगी। अस्था केंद्र के साथ ही यह एक पर्यटक स्थल भी है।

**करवा माता मंदिर की खास बातें**-इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको 700 सीढ़िया चढ़नी पड़ती हैं। करवा माता मंदिर में माता करवा की मूर्ति के साथ ही भगवान गणेश और भैरव की मूर्तियां विराजित है। इतना ही नहीं, इस मंदिर में करवा चौथ, भाद्रपद चौथ, माघ चौथ और लक्खी मेला भी लगता है,जिसका नजारा देखने में बड़ा आनंद आता है। मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा, नवरात्र के दौरान यहां विशेष आयोजन होते हैं। इन अवसरों पर मंदिर की सुंदरता और भव्यता देखने को मिलती है।



**मंदिर का इतिहास**-इस मंदिर का निर्माण सन 1451 में महाराजा भीम सिंह चौहान ने करवाया था, जो कि माता के परम भक्त थे। वहीं, 1452 में मंदिर का कायाकल्प किया गया था। मंदिर के मार्ग पर बिजल की छतरी और तालाब का निर्माण सन 1463 में कराया था। इस मंदिर में राजपूताने शैली की अनोखी झलक देखने को मिलती है। करवा माता का मंदिर सफेद संगमरमर से बना हुआ है।

**क्या मान्यता है**-माना जाता है कि करवा माता मंदिर में देवी मां से सच्चे मन से मांगी गई हर एक इच्छा पूरी होती है। इसके साथ ही यहां दर्शन और पूजा करने से महिलाएं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। करवा चौथ वाले दिन इस मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आप अपने घर-परिवार में जिम्मेदारियां से बिल्कुल पीछे न हटे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती है। माताजी आपको आज कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे, जिनको लेकर आप कोई बेहतर सलाह दें, तो ही बेहतर रहने वाला है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में अधिकारियों को आपकी दी गई सलाह आपको पसंद आएगी, लेकिन परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर एहतियात बरतनी होगी। आपकी सेहत नरम-गरम रहेगी। आप अपनी आय-व्यय में भी संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के भी प्रयासों में तेजी लानी होगी। आपको कामों को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी, जिससे जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। आप संतान के करियर को लेकर कोई निर्णय बहुत ही सोच विचारकर लें।

कर्क आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और आप बुद्धि और विवेक से कोई निर्णय लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। पारिवारिक संपत्ति से जुड़ा यदि कोई विवाद था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आज आपको अपने मन में किसी बात को लेकर संशय नहीं रखना है।

सिंह आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें और जरूरत के हिसाब से खर्च करें। किसी प्रॉपर्टी की डील यदि अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं।

कन्या आज आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपका कोई नुकसान होने की संभावना है। राजनीति में कार्यरत लोगों के कामों की सराहना होगी और उन्हें किसी सम्मान से भी नवाजा जा सकता है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने अनावश्यक खर्चो को भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, उनकी साथी से बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

तुला आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। वाहनों के प्रयोग से आप सावधानी बरतें और आपको अपनी संतान की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आपको सेहत के प्रति थोड़ा एहतियात बरतनी होगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने शौक मौज की चीजों को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का आपको सम्मान करना होगा। आप अपने परिवार में कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों को शांति से निपटाने की कोशिश करें। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप अपने बेवजह के खर्चों को कंट्रोल करके चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

धनु आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी के साथ आप कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आप किसी बचत की योजना में धन लगाएंगे। किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी और आप यदि किसी काम को लेकर कोई लोन आदि लेने की सोच रहे थे, तो वह भी आपको मिल जाएगा।

मकर आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को भी कुछ तनाव बना रहेगा। आप कोई फैसला जल्दबाजी में न लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको अपने भाई-बहनों से किसी पैतृक संपत्ति को लेकर कहासुनी हो सकती है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार में बड़े सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में किसी बड़ी जिम्मेदारी के मिलने से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको घर-परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनाए रखनी होंगी। आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

मीन आज आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। किसी धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी भी शिक्षा से संबंधित समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं। आप अपने रुके हुए कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके लिए भागदौड़ भी अधिक रहेगी, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा और किसी से गुस्से में कोई बातचीत ना करें।

## सू- दोकू क्र.194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.193 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -194

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 193 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## एक नजर

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह दो दिवसीय प्रवास पर जगदलपुर पंहुचे



**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज बुधवार को स्टेट प्लेन से जगदलपुर पहुंचे। जगदलपुर में स्थित मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर भाजपा के विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह अपने दो दिवसीय प्रवास में एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में और लालबाग में आयोजित स्वदेशी मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। हवाई अड्डे पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक और पूर्व सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने स्वागत किया।

### बस्तर बदल रहा है अब यहां विकास और विश्वास की बयार बह रही है: साय

रायपुर 9 अक्टूबर। **मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय** ने कहा है कि बस्तर बदल रहा है – अब यहां बंदूक और बारूद का धुआं नहीं, बल्कि विकास और विश्वास की बयार बह रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और पूना मारगेम = पुनर्वास से पुनर्जीवन जैसे मानवीय अभियानों ने उन लोगों के दिलों में आशा का दीप जलाया है, जो कभी भटककर लाल आतंक के रास्ते पर चले गए थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज नारायणपुर जिले में 16 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में लौटने का साहसिक निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन कैडरों पर कुल ?48 लाख का इनाम घोषित था। उन्होंने अब शांति, शिक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन की नई राह चुनी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों पर जन-जन का विश्वास बढ़ा है और सुरक्षा बलों की दृढ़ता ने विकास और विश्वास का माहौल स्थापित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले 20 महीनों में कुल 1,837 माओवादी हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

### निधन

#### आनंद दीक्षित

**रायपुर।** स्वर्गीय आनंद दीक्षित जी का अंतिम संस्कार कल, शुक्रवार, दिनांक 10 अक्टूबर को किया जाएगा। अंतिम यात्रा प्रातः 9:00 बजे उनके निवास स्थान से वर्धमान नगर, डूमरतराई, रायपुर से आरंभ होकर राजेन्द्र नगर श्मशान घाट पहुँचेगी, जहां अंतिम संस्कार संपन्न होगा। स्व. आनंद दीक्षित जी की सुपुत्री एवं सुपुत्र वर्तमान में बाहर निवासरत हैं। उनके रायपुर आने के उपरांत ही यह अंतिम संस्कार सम्पन्न किया जाएगा।



### समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन की अभिनव पुनर्वास नीति से मिल रहा लाभ

# 32आत्मसमर्पित माओवादी अब विकास व स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा रहे



**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** माओवाद का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे बीजापुर जिले के 32 आत्मसमर्पित माओवादियों ने अब विकास और स्वरोजगार की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इन सभी ने जगदलपुर स्थित क्षेत्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एक महीने का कुक्कुटपालन और बकरीपालन का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पूर्व नक्सलियों ने न केवल पशुपालन के वैज्ञानिक तरीके सीखे, बल्कि एक सफल उद्यमी बनने की बारीकियों को भी जाना। एक माह की गहन ट्रेनिंग में आत्मसमर्पित माओवादियों को कुक्कुटपालन और बकरीपालन से संबंधित हर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यहां उन्होंने उन्नत नस्लों का चयन, चारा प्रबंधन और संतुलित आहार की जानकारी, टीकाकरण, रोगों की पहचान और उपचार के तरीके के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, ऋण प्राप्त करने और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की रणनीति के संबंध में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण लेने वाले एक आत्मसमर्पित माओवादी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जंगल में जीवन बहुत मुश्किल और खाली था। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अपील की।

### 48 लाख के ईनामी 16 माओवादी कैडरों ने नारायणपुर में किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** आज नक्सल प्रभावित माड़ डिवीजन क्षेत्र से पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नारायणपुर में 48 लाख के ईनामी कुल 16 सक्रिय माओवादी कैडरों ने पुलिस अधीक्षक के राबिन्सन के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह आत्मसमर्पण बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि इन 16 माओवादी कैडरों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि, अब बस्तर के भीतर भी परिवर्तन की बयार चल रही है। हिंसा, भय और शोषण की विचारधारा से मोहभंग होकर ये युवा अब विकास, शिक्षा और शांति की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं। यह कदम न केवल इन कैडरों और उनके परिवारों के लिए एक नई शुरुआत है, बल्कि बस्तर में स्थायी शांति और विश्वास की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की निरंतर कार्यवाही, जनता का बढ़ता समर्थन और पुनर्वास नीतियों का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह आत्मसमर्पण आने वाले समय में और अधिक माओवादियों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करेगा।

**आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी माड़ डिवीजन, उत्तर ब्यूरो और कुतुल एरिया से संबंधित कैडर थे**

**अब तक 1837 का समर्पणन** उल्लेखनीय है कि अब तक छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बस्तर रेंज में पिछले 20 महीनों में कुल 1,837 माओवादी कैडर हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

### अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को मारी टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल



**बीजापुर 9 अक्टूबर।** जिले के जगला थाना इलाके में नेशनल हाइवे 63 पर भैरमगढ़ और बरदेला के बीच बुधवार दोपहर में एक यात्री बस को अनियंत्रित ट्रक की जोरदार टक्कर से बस सड़क किनारे जाकर पलट गई। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं, इस दौरान बस में कई महिलाओं के साथ उनके छोटे बच्चे भी सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार जय भवानी यात्री बस बीजापुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी। भैरमगढ़ के बरदेला मोड़ के पास आ रही ट्रक और बस में भिड़ंत हो गई। बस में सवार एक दर्जन से अधिक लोग इस हादसे में घायल हो गए। मौके से प्रशासन को सूचना के बाद डॉक्टर की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई, घायलों को भैरमगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पताल बीजापुर के लिए रवाना किया गया है।

### लोकसभा के पर्यवेक्षक सुबोध कांत साहिब का नगर आगमन

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कोरबा लोकसभा के पर्यवेक्षक श्री सुबोध कांत साहिब जी का आगमन सर्किट हाउस बैकुंठपुर में हुआ कांग्रेस जनों ने उनका स्वागत किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद ज्योत्सना महंत जी सांसद फूलों देवी नेताम जी विधायक संगीता सिंह जी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता जी अशोक राज आहूजा जी बैकुंठपुर की पूर्व विधायक अंबिका सिंह जी एवं अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## बस्तर ओलम्पिक के लिए अब तक 56 हजार का हुआ पंजीयन,25 अक्टूबर से आयोजन




**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** बस्तर ओलम्पिक 2025 के आयोजन तैयारी की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि बस्तर ओलम्पिक 2025 हेतु अब तक 56 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसे ध्यान रखकर सम्बंधित विभागों द्वारा समन्वित रुप से पंजीयन कार्य को नियमित तौर पर किया जा रहा है। 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग, सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा महिलाओं के पंजीयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अन्य विभागों से समन्वय किए जाने कहा गया है। बस्तर ओलम्पिक 2025 के तहत कुल 11 खेल विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। वेटलिफ्टिंग एवं हॉकी खेल इवेंट्स केवल जिला एवं संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में होगी। रस्साकसी विधा में केवल सीनियर महिला वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस हेतु आगामी 20 अक्टूबर तक पंजीयन किया जाएगा और 25 अक्टूबर से बस्तर ओलम्पिक का आयोजन प्रारंभ होगा। कमिश्नर डोमन सिंह ने आज बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बस्तर ओलम्पिक 2025 के आयोजन तैयारी की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि शासन की मंशानुरूप बस्तर ओलम्पिक 2025 का आयोजन व्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग

## नौकरी से खेती को ज्यादा महत्व देने की जरूरत:बीके राजू





**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल ) में भारतीय कृषि दर्शन सम्पूर्ण ग्राम विकास कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर आयोजन किया गया। इस अवसर पर माउंट आबू राजस्थान से पधारे कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजयोगी बीके राजू ने कहा भारत देश ग्रामों का देश है लगभग 6~30 लाख से भी अधिक गांव इस भारत माता की गोद में पल रहे हैं और उसके मुख्य व्यवसाय खेती का है कृषि कार्य और खेती से जुड़े हुए किसान आज इस कार्यक्रम में पधारे उत्तम खेती मध्यम व्यापार और नौकरी को तीसरे स्थान पर कनिष्ठ माना गया है लेकिन आज इसके विपरीत हम पहुंच गए हैं नौकरी को सबसे पहला स्थान हो गया है व्यापार अपनी जगह पर ही है लेकिन खेती में व्यवसाय से लोग गुम होते जा रहे हैं उसको करने के लिए अगर किसी के पास चार बच्चे हैं तो चारों बच्चों में खेती का कार्य किसको देना चाहिए।

महापौर संजय पांडे ने कहा वास्तव में आज का जो दिन है यह कार्यक्रम हुआ है सरस्वती योगी खेती हमारे क्षेत्र में एक चेतना का आरंभ है यह जो विषय है संपूर्ण भारत दर्शन विकास यह भारत की पुरानी या भारत के लिए पुनरुत्थान का सूत्र है भारत की आत्मा जो गांव में बसती है गांव की आत्मा जो है वह किस के मन में बसती है जो कृषक स्वालंबी होता है आत्मनिर्भर होता है तो देश की भी सशक्त होता है और भारत में और भारत के प्रधानमंत्री जी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत को स्वालंबी बनाने के लिए स्वदेशी का मंत्र भी दिया है।

राजयोगिनी बीके हेमा दीदी क्षेत्रीय निदेशिका इंदौर जोन ने कहा वर्तमान समय इस देश को सशक्ति योगी खेती की आवश्यकता है कई किसान रासायनिक खाद से बनी हुई सब्जियां उगाते हैं और बेचते हैं थोड़े से क्षेत्र में अपने लिए फल सब्जी अनाज उगते हैं जो खुद के खाने के लिए रखते हैं हमारी भावनाएं कितनी कुत्सित हो चुकी है हम अपना स्वास्थ्य सोच रहे हैं मैं अच्छा रहूं मेरा परिवार कोई बीमारी के वर्ष ना हो जबकि हम समझ रहे हैं इन चीजों से जहर दे रहे हैं इनमें बीमारी है जो खाएगा उसकी बीमारी होगी तो ऐसी चीज हम पैदा ही क्यों कर रहे हैं क्या यह अच्छा काम है ।

इस अवसर पर राजयोगी बीके सुमन भाई, मुख्यालय संयोजक कृषि एवं ग्राम विकास विभाग ब्रह्माकुमारीज, , एम एस ध्रुव , संयुक्त संचालक कृषि विभाग, बीके सरिता , संचालिका धमतरी सेवा केंद्र ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम में आए किसान भाइयों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर संचालिका बस्तर संभाग बीके मंजूषा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत भाषण किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान भाइयों को बधाई और शुभकामनाएं दी। स्थानीय लोक नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। बीके रामा ने मंच संचालन किया।

## खेल केवल जीत-हार नहीं, जीवन का उत्सव है : शिवरतन शर्मा



**भाटापारा 9 अक्टूबर।** मंगलवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के तरेंगा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से रायपुर सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की अतिथिया में किया गया। पहले ही दिन 10 खेलों में लगभग 900 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें स्कूली विद्यार्थी, ग्रामीण खिलाड़ी और स्थानीय युवाओं का उत्साह देखने योग्य रहा। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में बिजराडीह टीम ने सूरजपुरा को हराकर ब्लॉक स्तर पर अपनी जगह बनाई। अब ब्लॉक विजेता टीमें राजधानी रायपुर में नवंबर में होने वाले फाइनल मुकाबले में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। विदित हो की 7 से 11 अक्टूबर तक भाटापारा, सिमगा और बलौदाबाजार में 13 खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

कुश्ती, खो-खो, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, रस्सा-कस्सी, रस्सी कूद, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, तैराकी, भारोत्तोलन और शरीर सौष्ठव जैसे खेलों में युवा अपनी ताकत, प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। अग्रवाल ने कहा कि ये आयोजन रायपुर संसदीय क्षेत्र में युवाओं की खेलों के रुचि और सहभागिता को बढ़ाएगा। सांसद अग्रवाल ने आगे कहा की खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। युवा शक्ति जब मैदान में उतरती है, तभी राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छूता है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित कर कहा की खेल केवल जीत हार नहीं, जीवन का उत्सव हैं..

शर्मा ने कहा की यह आयोजन युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संकल्प से जोड़ने वाला प्रेरक मंच है – जो स्वस्थ तन, सशक्त मन और उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस खेल महोत्सव से हमारे युवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और एकता की भावना और भी प्रबल होगी।

**करोडो के विकास कार्यो का शिलान्यास:** रायपुर सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर भाटापारा के तरेंगा में 1.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 3.15 एमवीए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास एवं अन्य करोडो के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया ।

यह उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को और अधिक सुगम, स्थिर और निर्बाध बनाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों, विद्यार्थियों और स्थानीय उद्योगों को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही इस अवसर पर नगर सैनिक दल में चयनित 50 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता, सभापति ईशांत वैष्णव, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी, खेल प्रेमी और स्थानीय लोग उपस्थिति रहे।

## पूरक परीक्षा की अंक सूची के लिए भटक रहे बारसूर के छात्र

**बारसूर 9 अक्टूबर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर के प्राचार्य और अन्य शिक्षकों की लापरवाही के कारण पूरक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी अंक सूची के लिए भटक रहे हैं। परीक्षा फल घोषित होने के डेढ़ महीने बाद भी बच्चों को अंक सूची और टीसी जारी नहीं किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दसवीं- बारहवीं की पूरक परीक्षा में शामिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर के छात्रों के भविष्य के साथ प्राचार्य खिलवाड़ कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की अधिकर्ति समन्वय संस्था शासकीय बालकउच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में जिले के पूरक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की अंक सूची उपलब्ध है। निर्धारित प्रक्रिया के मुताबिक सभी हाईस्कूल और हायरसेकेण्डरी विद्यालय अपने संस्था से पूरक परीक्षा में शामिल बच्चों की अंक सूची प्राप्त कर समय पर वितरण की जिम्मेदारी पूरी कर ली। वही बारसूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य और बोर्ड परीक्षा प्रभारी को समन्वय केन्द्र दंतेवाड़ा से अंक सूची प्राप्त करने में कोई रूचि नहीं है। संस्था से पूरक परीक्षा में शामिल बच्चे शिक्षकों से अंक सूची उपलब्ध कराने अनुरोध किया जाता है तो, उन्हें गलत जानकारी देकर गुमराह किया जाता है। एक महिला शिक्षिका ने पूरक परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी को फोन पर गलत जानकारी देते बताया कि गीदम ब्लॉक मुख्यालय में जहाँ पूरक परीक्षा का केंद्र था, वही से अंक सूची प्राप्त करें। रोज-रोज बारसूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आकर शिक्षकों से अंक सूची की मांग ना करे। जबकि बोर्ड के समन्वय केन्द्र से संबंधित संस्था के प्राचार्य या फिर बोर्ड के परीक्षा प्रभारी को अंक सूची उपलब्ध कराने का नियम है। सीधे किसी भी परीक्षार्थी या पालक को बोर्ड की अंक सूची नहीं दी जाती। इस नियम की जानकारी उमावि बारसूर के प्राचार्य और स्टाफ को है या फिर जानबूझकर ऐसा कर रहे है। यह भी एक गंभीर बात है। पूरक परीक्षा उत्तीर्ण आगे की पढ़ाई के लिए अंक सूची के लिए भटक रहे है और प्राचार्य अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे है।

## लालबाग मैदान में गूंजी पवनदीप और चेतना की आवाज, जनजातीय संस्कृति ने मन मोहा




**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा लोकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 7 अक्टूबर की शाम लालबाग मैदान एक यादगार मंच में तब्दील हो गया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड संगीत और बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड के जाने-माने गायक पवनदीप और चेतना रहे। इन दोनों कलाकारों ने अपनी सुरीली और शानदार गायकी से मंच पर समां बांध दिया। संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ ने दोनों गायकों की प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया और उत्साह के साथ उनका साथ दिया। अपनी सुरीली आवाज के लिए जाने जाने वाले पवनदीप राजन ने मंच पर केवल गायन ही नहीं किया, बल्कि एक साथ कई वाद्य यंत्रों के कुशल संचालन का भी अद्भुत प्रदर्शन किया। उनके हाथ कभी गिटार और फिर ड्रम्स पर सफाई से थिरकते दिखे, जिससे संगीत का एक मनमोहक समां बंध गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के मनमोहक प्रदर्शनों से हुई, जिन्होंने कला की विविध छटाएँ बिखेरीं। स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने सरस्वती मंगलाचारण से माहौल को भक्तिमय बनाया, जबकि बिहू (आसामी), समूह नृत्य (ओड़िआ) और वायनाड केरल ट्रायबल डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके बाद, बस्तर की सदियों पुरानी जनजातीय परंपरा मंच पर जीवंत हो उठी। लोकोत्सव के मंच पर लामकेर, बस्तर के कल्लूराम और साथियों ने मिलकर मनोरम गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### छ ग से एकमात्र म्यूथाई खिलाड़ी की बड़ी उपलब्धि

## बस्तर के युवराज सिंह एशियन यूथ गेम्स बहरीन के इंडिया कैम्प के लिए रवाना



**जगदलपुर 9 अक्टूबर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था ढ्ढह्रष्ट एवँ ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया से मान्यता प्राप्त संस्था ढ्ढस्नरू की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में भारतीय म्यू थाई दल बहरीन (यू ए ई) में आयोजित एशियन यूथ गेम्स मे होने वाले 21 विभिन्न खेलो में से एक खेल म्यूथाई को भी शामिल किया गया है। म्यूथाई खेल के 06 बालिका एवँ 04 बालको सहित कुल 10 खिलाड़ियों के म्यूथाई दल को एशियन यूथ ओलंपिक में भाग लेने भारत शासन ने भारतीय ओलंपिक संघ के माध्यम से स्वीकृति दी है। एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल के अन्तिम चयन हेतू 04 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक इण्डिया कैम्प का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है जिसमे भारत के विभिन्न प्रदेशों के केवल 17 वर्ष वर्ग के प्रतिभाशाली 09 बालक एवँ 09 बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि यह अत्यंत हर्ष एवँ गौरव का विषय है कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत नौ वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवँ अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय ÷÷युवराज सिंह राजपूत÷÷ इण्डिया कैम्प में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि युवराज छ ग राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है।

युवराज के पिता श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्यू थाई दल के अन्तिम चयन हेतू इण्डिया कैम्प में भाग लेने जयपुर (राजस्थान) जा रहे हैं चूंकि युवराज की दादी श्रीमती सविता देवी सिंह का हाल ही में 18.09.2015 को दंतेवाड़ा में दुर्घटना में आकस्मिक अवसान हो गया था जिसकी वजह से यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप टर्की से युवराज को तत्काल वापस आना पड़ा था और स्व दादी के शोक कार्यक्रम की वजह से इण्डिया कैम्प में 04 दिन विलम्ब से जा रहा है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपनी स्व. दादी के सपने को पूरा करने युवराज अपने पिता के साथ जयपुर रवाना हो गया है।

एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले 14 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 10 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 निर्णायक, 01 ऑफिसियल और 01 नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल के रूप में भारतीय म्यू थाई दल फेडरेशन ढ्ढ के महासचिव श्री श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भारतीय म्यूथाई दल बहरीन जाएगा।

= छ ग राज्य म्यू थाई संघ के समस्त पदाधिकारियों, युवराज के कोच अब्दुल मोइम सहित समस्त खिलाड़ियों को आशा ही नहीं वरन विश्वास है कि युवराज सिंह इण्डिया कैम्प में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 20 अक्टूबर 2025 से OCA द्वारा आयोजित एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल में चयनित होकर बस्तर अंचल और छ ग को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेगा।

## एक नजर

### आईटीआई रायगढ़ में दीक्षांत समारोह में श्रेष्ठ प्रशिक्षार्थियों का किया गया सम्मान

**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ एवं शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में वर्ष 2024-25 के एनसीव्हीटी व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट एवं अंकसूची के साथ-साथ 19 व्यवसायों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से सीटीएस पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कु. वैष्णवी चौहान (कोपा 2024-25) एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था-पुसौर के वेल्डर ट्रेड के श्री सिद्धार्थ यादव को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशीष मिश्रा, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अमरजीत सिंह वाधवा रायगढ़ तथा संस्था के भूतपूर्व प्राचार्य श्री के. एल. पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पी. एल. खुंटे, प्राचार्य, शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ एवं जिला नोडल प्राचार्य श्री डी. एस. नागेश द्वारा की गई।

### विभागों ने अधिकतर कार्य आनलाइन ई आफिस से किए जा रहे

**महासमुंद, 9 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया क्रांति और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन एवं पारदर्शिता के संकल्प की दिशा में महासमुंद जिला प्रशासन तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप ई-ऑफिस प्रणाली अब जिले के लगभग सभी विभागों में गति पकड़ चुकी है। परंपरागत कागज़ी फाइलों की जगह अब अधिकांश कार्य ऑनलाइन ई-ऑफिस माध्यम से किए जा रहे हैं। जिले में 1366 अधिकारी-कर्मचारियों का ई-ऑफिस के लिए ऑनबोर्डिंग कर लिया गया है। अभी तक कार्यालय द्वारा ई-ऑफिस पत्राचार के माध्यम से लगभग 2 हजार से अधिक फाइल मूवमेंट हुआ है।कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय का अधिकांश कामकाज अब ई-ऑफिस प्रणाली से संचालित हो रहा है। उन्होंने हाल ही में आयोजित विभागीय बैठकों में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी शासकीय पत्राचार, रूटीन फाइलें और वित्तीय स्वीकृतियाँ अब ई-ऑफिस पर ही तैयार और प्रेषित की जाएं। यहां तक कि छोटी-छोटी नोट शीट्स भी अब डिजिटल माध्यम पर ही दर्ज की जा रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्य संस्कृति में सुधार का प्रतीक है। इससे न केवल फाइल मूवमेंट तेज़ होगा, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। ई-ऑफिस प्रणाली से अब फाइलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग संभव हो गई है।

राष्ट्रीय स्वयं संघ के शताब्दी वर्ष में

# विजयदशमी पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**तिल्दा नेवरा, 9 अक्टूबर।** तिल्दा नेवरा खरोरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिल्दा खंड के माठ मंडल में विजयादशमी उत्सव एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष की दिशा में समाज संगठनए सेवा और राष्ट्र जागरण के उद्देश्य को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माठ के प्रांगण में शाखा लगने के बाद हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण गुप्ता ;संचालकए हरगुन सोलर प्लांटद्ध तथा मुख्य वक्ता त्रिभुवन नारायण ;विभाग व्यवस्था प्रमुखए रायपुर विभागद्ध रहे। आयोजन का मार्गदर्शन देवेन्द्र ठाकुर ;जिला संघचालकद्ध ने किया। उपस्थित स्वयंसेवकों को अतिथियों द्वारा प्रेरणादायी विचार प्राप्त हुए।मुख्य वक्ता त्रिभुवन नारायण ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉण् हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश और समाज की दयनीय स्थिति देखकर डॉक्टरी पेशे को त्याग दिया और देश की ष्बीमारीष् को दूर करने का संकल्प लिया। नागपुर में 17 स्वयंसेवकों के साथ विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की।उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद डॉण् हेडगेवार ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित किया और समाज में एकता व संगठन का संदेश फैलाया। उनके पश्चात माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ;गुरुजीद्ध ने भारतभर में भ्रमण कर संघ कार्य को गति दी। गुरुजी के मार्गदर्शन में संघ ने विहिपए भाजपाए विद्यार्थी परिषदए विद्या भारती जैसे अनेक संगठनों के माध्यम से समाज में व्यापक विस्तार प्राप्त किया।

# कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें:सीईओ



**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य अभी तक अप्रारंभ हैं, उसे शीघ्र शुरू किया जाए। साथ ही, जो कार्य प्रगति पर हैं, उसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया ।

## अब छत ऊर्जा के स्त्रोत के साथ बचत और स्वावलंबन का प्रतीक भी : जायसवाल



**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** लैलूंगा विकासखंड के पाकरगांव निवासी श्री मनोज जायसवाल ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने घर की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति की है, बल्कि बिजली बिल से भी मुक्ति प्राप्त कर ली है। श्री जायसवाल ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कराया है। अगस्त 2025 माह में उनके सोलर पैनल से कुल 290 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। इस उत्पादन पर उन्हें 1552 रुपए की छूट प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप उनका बिजली बिल ऋणात्मक 1753 रुपए रहा। अब उन्हें बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ता, बल्कि भविष्य के बिलों में इस राशि का समायोजन भी किया जा रहा है।

श्री मनोज जायसवाल बताते हैं कि पहले हर माह बढ़ते बिजली बिल से घरेलू बजट पर दबाव बढ़ जाता था। किंतु प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा अपनाने के बाद अब वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभा रहे है। सूर्य की किरणों से अब उनकी घर की छत केवल ऊर्जा का स्त्रोत नहीं, बल्कि बचत और स्वावलंबन का प्रतीक बन गई है। उनकी यह पहल पाकरगांव सहित आसपास के ग्रामों में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता का वातावरण निर्मित कर रही है।

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। उपभोक्ता स्वयं चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप और टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन ही अपने पसंद के वेंडर का चयन भी कर सकते हैं। यह योजना न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में हर महीने हजारों रुपए की बचत करा रही है, बल्कि जिले के हितग्राही पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा उत्पादन में भी सक्रिय भागीदार बन रहे हैं।

# पटाखा दुकानों के संचालन को लेकर एडवाइजरी जारी

**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** दीपावली त्यौहार को देखते हुए जिले में संचालित समस्त स्थायी/अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी किया गया है।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे, कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिश बाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए। विद्युत तारों में ज्वांइट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलो ग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यन्त्र होना चाहिए इसकी मारक का क्षमता 06 फीट की होती हैं। दुकानों के सामने कुछ अन्तराल में 200 लीटर्स क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था, बाल्टियों में बालू भरा होना चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्नि शामक विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नम्बर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्नि शमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 07 से 10 बजे (रस ऑवर) के समय स्टैंडबाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्नि शमन वाहन के मुवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

# नशीले कैप्सूल बेचने के मामले में 5 गिरफ्तार



**भिलाई,9 अक्टूबर।** नशीली कैप्सूल की ब्रिकी करने वाले 5 आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी संगठित होकर नशे का व्यापार थे। आरोपियों से लगभग 10 हजार नग प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (सी), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के बिक्री के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत दुर्ग कोतवाली पुलिस को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बिक्री करने वालों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। मुखबीर से सूचना मिली कि जिला अस्पताल दुर्ग मरच्युरी के पास तीन व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाइयां (कैप्सूल) रखकर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश कर रहे हैं। मुखबीर की सूचना निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त व्यक्तियों को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम प्रेम सिंह, रवि कुमार शर्मा, उमेश कुमार कश्यप बताया। आरोपियों के पास से ट्रामाडोल कैप्सूल कुल 160 पत्ता, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल कुल 3840 नग, 02 नग स्मार्ट फोन जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर दो अन्य आरोपी आसिफ मोहम्मद व शाहिद कुरैशी को जामुल सब्जी बाजार के पास से पकड़कर पूछताछ की गयी। उनके पास से 250 पत्ता नशीली कैप्सूल, प्रत्येक पत्ता में 24 नग कैप्सूल, कुल 6,000 नग कैप्सूल व 02 नग स्मार्ट फोन जब्त किया गया। इस प्रकार प्रकरण में कुल पांच आरोपियों आसिफ मोहम्मद (33 साल) निवासी जोन 01 खुर्सीपार, प्रेम सिंह (36 साल ) निवासी कैम्प 01 थाना छावनी, शाहिद कुरैशी (36 साल) निवासी दुर्गापारा न्यू खुर्सीपार, रवि कुमार शर्मा (30 साल) निवासी न्यू खुर्सीपार व उमेश कुमार कश्यप (38 साल ) निवासी कैम्प 02 से कुल 9840 नग ट्रामाडोल कैप्सूल व 4 स्मार्ट फोन जब्त किया गया उक्त कार्यवाही में उनि प्रताप सिंह ठाकुर, उनि उदय शंकर झा, सउनि चंद्रशेखर सोनी, आरक्षक गजेन्द्र यादव, हिमांशु जंघेल, खिलेश कुर्रे, की सराहनीय भूमिका रही

## दीपावली त्यौहार के दौरान आगजनी से बचने के लिये क्या करें,क्या न करें

**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** दीपावली त्योहार को देखते हुए लोगों को आग की दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने एडवाइजरी जारी करते हुए आगजनी की दुर्घटना से बचने के लिए विस्तृत जानकारी दी है।

क्या करें-लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखा खरीदें यह सुनिश्चित करें, कि आप गुणवत्ता वाले पटाखें खरीद रहे है, जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिये अनुमोदित हो। इमारतों वाहनों और ज्वलनशील पदार्थो से दूर पार्क बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपात कालीन स्थिति के लिये पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिये सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें, क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते है। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि या सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहें है। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किये गये पटाखों का पानी की बाल्टी से सुरक्षित तरीके से निपटान करें ।

# इंदिरा मार्केट में युवक की लाश मिली



**भिलाई,9 अक्टूबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुवार की सुबह इंदिरा मार्केट सब्जी बाजार में युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह स्थानीय दुकानदारों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान राजीव नगर दुर्ग निवासी नरेश ठाकुर ( 32 साल ) के रूप में की गई है जानकारी के अनुसार मृतक नरेश ठाकुर इंदिरा मार्केट से लगे सब्जी बाजार में टमाटर के थोक व्यापारी चिंटू पहलवान के यहां पिछले तीन महीने से काम कर रहा था। इस दौरान वह कभी कभार ही सब्जी आदि छोड़ने घर जाता था। दिन भर सब्जी बाजार में काम करने के बाद रात में दुकान के बाहर फर्श पर सो जाता था। बुधवार रात को भी नरेश ठाकुर सब्जी बाजार में दुकान के बाहर सो गया था। सुबह बाजार में चाय का ठेला लगाने वाले की नजर नरेश ठाकुर पर पड़ी। चेहरा खून से सना हुआ देखकर हत्या की आशंका लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद मरच्यूरी में रखवा दिया गया। इधर पुलिस ने बाजार में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालना शुरु कर दिया है। फिलहाल सिटी कोतवाली पलिस की विवेचना जारी है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई तापेश सिंह नेताम ने बताया कि मृतक नरेश ठाकुर के माता-पिता नहीं है और वह घर से बाहर सब्जी बाजार में ही रहता था। उसे मिर्गी आने की बीमारी थी। वह शराब सेवन का भी आदि था। आशंका है कि देर रात उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और फर्श पर गिरने से उसके गाल पर चोट लगी। फिलहाल खून काफी बह जाने से मौत होने की संभावना है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का वास्तविक कारण सामने आ जाएगा। इधर नरेश ठाकुर के भाई विकास ठाकुर ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की है। विकास ने बताया कि नरेश को काफी पहले मिर्गी का दौरा पड़ता था। लेकिन इलाज शुरू होने के बाद दौरा पड़ने की जानकारी उसे नहीं थी। इसलिए पुलिस को हत्या के एंगल से भी जांच करनी चाहिए।

# क्राइम ग्राफ को कम करें,सभी मामले जल्द निपटाएं:एसएसपी



**दुर्ग, 9 अक्टूबर।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने क्राइम ग्राफ को कम करने और सभी मामलों का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए सभी थानों के टीआई को सख्त निर्देश दिया है। बुधवार को एसएसपी ने पाटन अनुविभाग के सभी थाना प्रभारियों की बैठक ली। यह मीटिंग उतई थाना में ली गई। एसएसपी ने इस बैठक में पुलिस कर्मियों को फिट रहने कहा उन्होंने फिट रहने के लिए रोजाना योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने थाना प्रभारियों और विवेचकों की समीक्षा बैठक लेकर कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए उन्होंने लंबित अपराधों और चालानों की थानावार गहन समीक्षा की और सख्त लहजे में कहा कि सभी मामलों का निराकरण 60/90 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए गुंडे-बदमाशों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश इस बैठक में क्राइम कंट्रोल के साथ-साथ निगरानी बदमाशों, गुंडा तत्वों और गैंग हिस्ट्रीशीट धारियों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि बीट और सब-वीट प्रभारी स्तर पर इनकी गतिविधियों, चाल-चलन, आय के स्त्रोतों और रोजमर्रा की गतिविधियों की नियमित जांच और मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि अगर कोई बदमाश जेल में बंद है तो उसकी हरकतों पर भी निगरानी रखी जाए ताकि अपराध की जड़ें वहीं समाप्त की जा सके एसएसपी ने हर थाना प्रभारी और विवेचक से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके पास लंबित अपराधों की केस डायरी देखी। उन्होंने कहा कि किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अगर अन्य राज्य में टीम भेजने की जरूरत पड़े तो नियमानुसार अनुमति लेकर शीघ्र कार्रवाई की जाए एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को फरियादियों के प्रति संवेदनशील रवैया यातायात नियमों के पालन को लेकर भी सौंपी जिम्मेदारी मीटिंग के दौरान सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। पाटन क्षेत्र की सड़कों पर मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं से बचाव के लिए एसएसपी ने दुपहिया चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर शिकायतकर्ता की बात को ध्यानपूर्वक सुना जाए और समस्या के अनुरूप तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, थाना प्रभारी उतई महेश ध्रुव, थाना प्रभारी अमलेश्वर बसंत बघेल, थाना प्रभारी पाटन अनिल साहू, थाना प्रभारी रानीतराई पुरुषोत्तम कुर्रे, थाना प्रभारी जामगांव फागू राम साहू सहित अन्य विवेचक उपस्थित थे

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# ओवर आल चैंपियन का खिताब बस्तर संभाग ने अपने नाम किया




**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** रायगढ़ में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी पाँच संभाग रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा और दुर्ग से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। पीटीआई टीम द्वारा मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। वहीं सेंट जेवियर स्कूल की विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के खिलाड़ी यहाँ एकजुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किए, जो जिले के लिए गर्व की बात है। प्रतिभागी खिलाड़ियों की अद्वितीय प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और साथ ही उन खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया, जो इस बार आगे नहीं बढ़ पाए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे खेल के साथ-साथ अध्ययन और नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता हासिल करें, ताकि वे न केवल खेल में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। लोकसभा सांसद श्री राठिया ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सर्वसंबंधितों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में अनुशासित टीम का पुरस्कार बिलासपुर संभाग और बेस्ट मार्च पास्ट का पुरस्कार सरगुजा संभाग को प्रदान किया गया, वहीं ओवरऑल चैम्पियन का खिताब 32 अंकों के साथ बस्तर संभाग ने अपने नाम किया। दुर्ग संभाग 22 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और बिलासपुर संभाग 16 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम वॉलीबॉल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर संभाग पहला, दुर्ग दूसरा और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। इसी तरह वॉलीबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर-प्रथम, बिलासपुर-द्वितीय और रायपुर संभाग तृतीय, खो-खो बालिका 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर-प्रथम, बिलासपुर-द्वितीय और दुर्ग-तृतीय, खो-खो बालक 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर-प्रथम, दुर्ग-द्वितीय और बिलासपुर-तृतीय, सॉफ्टबाल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत सरगुजा-प्रथम, दुर्ग-द्वितीय और बस्तर-तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर-प्रथम, दुर्ग-द्वितीय और रायपुर-तृतीय, सॉफ्टबॉल बालिका 19 वर्ष अंतर्गत बस्तर-प्रथम, दुर्ग-द्वितीय और रायपुर-तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 19 वर्ष अंतर्गत दुर्ग-प्रथम, रायपुर-द्वितीय और बिलासपुर-तृतीय, क्रिकेट बालिका 19 वर्ष अंतर्गत रायपुर-प्रथम, सरगुजा-द्वितीय और बिलासपुर-तृतीय स्थान पर रहा।

समापन सत्र में प्रतियोगिता का ध्वज अवतरण किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले विभागों, संस्थान प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी. राव ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्णतः निष्पक्षता एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुई। सभी खिलाड़ियों के लिए आवासीय एवं भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से की गई थी। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य एवं चिकित्सा विभाग सहित सभी सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर नगर निगम के सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अशोक अग्रवाल, श्री सुभाष पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री धनराज मरकाम, डीएमसी श्री आलोक स्वर्णकार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी, संभागीय जनरल मैनेजर श्री रवि निकम, श्री मृत्युंजय शर्मा, श्री रामलाल, श्री सोमेश लांबा, श्री जीवन लाल नायक सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री राजेश डेनियल ने किया।

एक नजर

### कलेक्टर ने डबल लॉक स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार 9 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित कोषालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के ज्यूडिशियल एवं नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, टिकट, फार्म का अवलोकन कर पंजियों में की गई प्रविष्टि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम का एक अतिरिक्त क़क्ष निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित कोषालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

मिट्टी के दीये एवं स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने जिला प्रशासन की पहल

### मिट्टी के दीये बेचने बाजार आने वाले ग्रामीणों से कर न वसूलने का निर्देश दिया कलेक्टर दीपक सोनी ने

**बलौदाबाजार, 9 अक्टूबर।** दीपवली पर्व पर मिट्टी के दीये एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने पहल किया है। उन्होंने मिट्टी के दीये विक्रय किये जाने हेतु बाजार आने वाले इन ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो एवं नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार का कर की वसूली न करने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है।मिट्टी के दीये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण ध्यान रखा जाए। नगरपालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार का कर की वसूली न किया जाए । साथ ही जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु आमजनों की दीये के उपयोग के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

### बच्चों के अधिकारों और सुविधाओं में लापरवाही पर आयोग सख्त

**रायपुर 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा द्वारा चंद्रपुर (जिला सक्ति) स्थित स्थानीय खेल मैदान तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र*का औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित खेल मैदानों की दशा एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर नोटिस जारी किया गया था।

ग्रामीणों ने कहा..कलेक्टर सीधे गांव पहुंचकर करते हैं संवाद, समस्याओं का तुरंत हो रहा समाधान

## धमतरी कलेक्टर के नेतृत्व में प्रशासन में नई चुस्ती, जनसंपर्क और नवाचार को मिली गति

**नगरी 9 अक्टूबर।** जिले में पदस्थ कलेक्टर अविनाश मिश्रा की कार्यशैली लोगों को खासा प्रभावित कर रही है। ग्रामीणों से लेकर आम नागरिक तक कलेक्टर की सक्रियता और संवेदनशीलता की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मिश्रा ने पूर्व में पदस्थ रहे रजत बंसल की तरह ही जनसंपर्क की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सीधे गांव-गांव पहुंचकर समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना शुरू किया है।



#### प्रशासन में आई चुस्ती और अनुशासन

कलेक्टर मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के प्रशासनिक ढांचे में अनुशासन और चुस्ती लाने पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से ऑफिस पहुंचने का निर्देश जारी किया है। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में रोजाना सुबह 10 बजे राष्ट्रगान करने का आदेश दिया गया। इस व्यवस्था से न केवल समय पालन की आदत मजबूत हुई है, बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों में कार्य के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन भी बढ़ा है।

#### ग्रामीण अंचल का लगातार भ्रमण

कलेक्टर मिश्रा ग्रामीण अंचलों का लगातार दौरा कर रहे हैं। वे गांवों में सीधे पहुंचकर लोगों से संवाद करते हैं, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और मौके पर ही समाधान के निर्देश देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय बाद ऐसा कलेक्टर मिला है जो उनके बीच बैठकर आत्मीय संवाद करता है।

#### युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष पहल

युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले में स्टार्टअप और नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उनकी पहल से जिले के युवा रोजगार और उद्यमिता की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं, महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मिश्रा का मानना है कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही परिवार और समाज की मजबूती का आधार है।

#### किसानों के लिए प्रोत्साहन

किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने और उन्हें प्रोत्साहित करने पर भी कलेक्टर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वे नियमित रूप से अधिकारियों को निर्देश देते हैं कि किसी भी किसान को योजनाओं से वंचित न रखा जाए।

#### जनता में सकारात्मक छवि

ग्रामीणों और आम नागरिकों का कहना है कि कलेक्टर अविनाश मिश्रा की वजह से जिले में प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और गति आई है। उनका सरल स्वभाव और कार्यकुशलता प्रशासन को लोगों के करीब ला रही है। यही कारण है कि जिले भर में उनकी छवि एक जनमुखी और संवेदनशील अधिकारी के रूप में बन गई है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में धमतरी जिला सुशासन, नवाचार और समावेशी विकास का उदाहरण बनता जा रहा है। उनके द्वारा किए गए सुधारों एवं दूरदर्शी कार्यशैली समूचे जिला में दिखाई दे रहा है। अब तो आम जनता कहने लगे हैं कलेक्टर हो तो अबिनाश मिश्रा जैसे हो।

1 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से 33/11किलोवॉट के सब स्टेशन का किया भूमिपूजन

## बृजमोहन अग्रवाल ने तरेंगा में किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**बलौदाबाज़ार, 9 अक्टूबर।** दाऊ कल्याण सिंह जी के गांव तरेंगा (भाटापारा) से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।श्री अग्रवाल ने इस दौरान विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर उन्होंने 1 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से 33/ 11 किलोवॉट विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन किया। इसके अलावा श्री अग्रवाल ने तरेंगा में धान खरीदी अहाता हेतु 20 लाख,सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख और प्राथमिक शाला तरेंगा में पेवर ब्लॉक हेतु 5 लाख रुपये की मंजूरी भी दी।सांसद श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर दाऊ जी की दानशीलता को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ की प्रगति में उनके योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के सिमगा, भाटापारा एवं बलौदाबाजार में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगितायें 7 से 11 अक्टूबर 2025 तक़ आयोजित की जायेंगी। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 25 दिसम्बर तक लगभग 13 विधाओं में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल एवं फिट इंडिया का वातावरण बनाना तथा ग्रामीणों में खेल के प्रति उत्साह और रुचि पैदा करना है।

सांसद खेल महोत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग एवं 9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें खो-खो, कुश्ती, बालीबॉल, भारोत्तोलन,तैराकी,शारीरिक सौष्ठव( बॉडी बिल्डिंग) शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा -कस्सी एवं रस्सी कूद खेल में प्रतियोगितायें होंगी। विकासखंड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में से प्रत्येक खेल से आयु वर्गवार महिला एवं पुरुष विजेता प्रतिभागी एवं दल का चयन किया जाएगा। तृतीय चरण में लोकसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड स्तर पर विजेता खिलाडी रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव 2025 में शामिल होंगे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन को लेकर तेज हुई हलचल, संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली से पहुंचे पर्यवेक्षक




**मोहला 9 अक्टूबर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष चयन पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा मोहला-मानपुर जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता कर संगठन सृजन अभियान की विस्तार से जानकारी दी, वहीं जिलाध्यक्ष चयन को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की।

जिलाध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन से अधिक दावेदारों ने पर्यवेक्षक के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इनमें वर्तमान कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं।

चरण सिंह सपरा ने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में यह तय किया गया था कि कांग्रेस संगठन को सशक्त करने के लिए जिला स्तर पर नए और मजबूत चेहरों को मौका दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं की जाएगी, बल्कि उन्हें संगठन में आगे प्रमोट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला संगठन की मजबूती के लिए जरूरी है कि जिला अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के बीच बेहतर समन्वय हो। इसी उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान देशभर में चलाया जा रहा है, जिससे पार्टी के ढांचे को नए स्वरूप में मजबूती दी जा सके।

प्रेस वार्ता के दौरान सपरा ने जिले में कांग्रेस संगठन में चल रही अंदरूनी खींचतान, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के इस्तीफे और जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार जैसे मुद्दों पर भी अपनी बात स्पष्ट रूप से रखी। उन्होंने कहा कि संगठन में बदलाव प्रक्रिया स्वाभाविक है और नए नेतृत्व के आने से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा।

पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा ने स्थानीय पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से एक-एक कर चर्चा की। सभी की राय लेकर उन्होंने जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों के आवेदन भी प्राप्त किए। अब इन सभी फीडबैक और दस्तावेजों को दिल्ली भेजा जाएगा, जहां पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अंतिम निर्णय लेगा।फिलहाल सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि मोहला-मानपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की कमान किसे सौंपी जाएगी। दावेदारों में कई वरिष्ठ और युवा चेहरों के बीच मुकाबला है। अब हाईकमान के फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

व्यापार

एक नजर

### उद्यम लर्निंग फाउन्डेशन के इस्त्री प्रोजेक्ट से देशभर के इस्त्रीवालों की आय में 100 करोड़ की बढ़ोतरी


**रायपुर 9 अक्टूबर।** उद्यम व्यापार ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है, इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितम्बर 2025 तक देश भर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को कुल आय में रु 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है। इस अवसर पर कृष्णन रंगनाथन, सह-संस्थापक, उद्यम लर्निंग फाउन्डेशन ने कहा, ''उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो ये बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ रु 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हज़ारों वेंडर्स के लिए भी गौरव की बात है, जिन्होंने इस बदलाव को अपनाया है। यह दर्शाता है कि किस तरह स्थानीय आजीविका के समाधान राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव उत्पन्न कर, आय, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणी परिणामों में सुधार ला सकते हैं।' सायरिल जोसेफ़ प्रोग्राम हैड, इस्त्री प्रोजेक्ट, उद्यम व्यापार ने कहा, ''यह उपलब्धि उन हज़ारों वेंडर्स से जुड़ी है, जिन्होंने हम पर भरोसा किया और कोयले को छोड़कर एलपीजी को अपनाया। उन्होंने महसूस किया है कि वे किस तरह अपने कारोबार में बदलाव ला सकते हैं।

### भारत-यूके उद्योग मंत्रियों की मुंबई में द्विपक्षीय बैठक संपन्न, 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

**मुंबई 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूनाइटेड किंगडम की व्यापार एवं उद्योग मंत्री पीटर काइल ने मुंबई में द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश साझेदारी को मजबूत करने और भारत-यूके व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते के क्रियान्वयन की दिशा तय की गई। बैठक में दोनों नेताओं ने संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति को पुनर्गठित करने पर सहमति जताई, ताकि वह CETA के कार्यान्वयन और निगरानी का दायित्व संभाल सके। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने त्वरित, समन्वित और परिणामोन्मुख कार्रवाई पर जोर दिया, जिससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं को अधिकतम लाभ मिल सके। पीयूष गोयल और पीटर काइल ने 2030 तक भारत और यूके के बीच व्यापार को दोगुना करने के साझा लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने उन्नत विनिर्माण, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और सेवा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, दोनों नेताओं ने कहा कि ष्टश्चञ्ञ दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा। बैठक के दौरान मंत्रियों ने नियामक सहयोग, गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण पर भी चर्चा की।

## भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार, लगभग 125 गीगावाट सौर क्षमता के साथ भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा का आठवां सत्र 27 से 30 अक्टूबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा।



यह आयोजन विश्व को एक सूरज, एक विजन और सौर ऊर्जा के प्रति एक साझा प्रतिबद्धता के तहत एक साथ लाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही अपने रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया और गैर-जीवाश्म संसाधनों से प्राप्त कुल स्थापित बिजली क्षमता में 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारी सफलता की कहानी केवल संख्याओं से अधिक है; यह लोगों के बारे में है। हमने देखा कि विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा जीवन में बदलाव लाती है, ग्रामीण घरों में रोशनी लाती है, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को शक्ति प्रदान करती है और हमारे किसानों को नए उपकरण प्रदान करती है। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना के साथ, 20 लाख से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे हैं।उन्होंने पीएम-कुसुम योजना को लेकर कहा कि इस योजना के तीन घटकों का लक्ष्य 10 गीगावाट के छोटे सोलर प्लांट की स्थापना करना, 1.4 मिलियन ऑफ-ग्रिड सोलर पंपों को सहायता प्रदान करना तथा 3.5 मिलियन ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों को सोलर एनर्जी से जोड़ना है। ये सभी प्रयास मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वच्छ ऊर्जा अंतिम छोर तक पहुंचे।

## भारत-ब्रिटेन रिश्ते हुए और मजबूत

**नई दिल्ली 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को बताया कि उनकी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को और गहरा करने पर चर्चा हुई। स्टार्मर बुधवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आए हैं, उनके साथ ब्रिटेन से अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा, यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात करके खुशी हुई। हमने भारत-यूके व्यापार और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के रास्तों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने यह भी तय किया कि ष्टश्चञ्ञ के सफल क्रियान्वयन के लिए संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में उन्नत निर्माण, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और सेवा क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। इससे पहले हुई मंत्रालय स्तर की और सीईओ फोरम बैठकों में भारत और यूके के उद्योग प्रतिनिधियों ने निवेश, नवाचार और तकनीकी सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर की मुलाकात में दोनों देश 'विजन 2035' रोडमैप की समीक्षा करेंगे, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और तकनीकी सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

## डिजिटल इंडिया के साथ साइबर सुरक्षा भी हो रही मजबूत

**नई दिल्ली 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारत का साइबर स्पेस पहले से कहीं अधिक व्यस्त है, हर दिन करोड़ों लेन-देन और पारस्परिक कार्यकलाप किए जा रहे हैं। 86 प्रतिशत से अधिक परिवार अब इंटरनेट से जुड़े हुए हैं, जो डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। बढ़ते डिजिटल परिदृश्य ने नागरिकों को अपनी उंगलियों पर डिजिटल सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। साथ ही, इसने साइबर धोखाधड़ी के लिए हमले की संभावनाओं को और भी प्रबल बना दिया है, जिससे साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है।

साइबर धोखाधड़ी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाने वाली भ्रामक गतिविधियों को संदर्भित करती है जैसे कि अनाधिकृत पहुंच, डेटा चोरी या ऑनलाइन घोटाले, जिनका उद्देश्य अक्सर पीड़ितों को वित्तीय नुकसान पहुंचाना होता है।

साइबर सुरक्षा घटनाओं में वर्ष 2022 में 10.29 लाख से वर्ष 2024 में 22.68 लाख तक की यह वृद्धि भारत में डिजिटल खतरों के बढ़ते पैमाने और जटिलता को दर्शाती है। साथ ही, वित्तीय टोल अधिक स्पष्ट होता जा रहा है, 28 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर धोखाधड़ी की सूचना की 36.45 लाख रिपोर्ट हैं। जबकि यह संख्याएं बढ़ती चुनौतियों की ओर इशारा करती हैं, यह देश में जानकारी जुटाने और रिपोर्टिंग तंत्र में उल्लेखनीय प्रगति को भी उजागर करती हैं।

साइबर धोखाधड़ी के उभरते परिदृश्य से पता चलता है कि धोखाधड़ी किसी एक ही तरीके तक सीमित नहीं है, बल्कि विविध रूप लेती है, जो अक्सर नई तकनीकों और उपयोगकर्ता व्यवहार को अपनाती है। निवारक उपायों को सक्षम करने के लिए इन पैटर्नों का मानचित्रण करना महत्वपूर्ण है। दुनिया भर में हैरान करने वाला यह वित्तीय प्रभाव धोखेबाजों की वैश्विक पहुंच और संगठित अपराध की भागीदारी को दर्शा रहा है, जो अक्सर दक्षिण पूर्व एशिया में धोखाधड़ी के नेटवर्क से जुड़ा होता है।

स्पूफिंग जैसी तकनीकें, जहां अपराधी विश्वसनीय स्रोतों की तरह काम करते हैं, कई धोखाधड़ी रिपोर्टों में नज़र आते हैं। इसी तरह, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और फ़िशिंग का लाभ उठाने वाले डीपफेक के मामले, जहां व्यक्तियों को भ्रामक ईमेल या संदेशों के माध्यम से संवेदनशील जानकारी देने का लालच दिया जाता है, भी बढ़ रहे हैं- और यह घोटालों के समग्र प्रभाव को बढ़ा रहे हैं। भारत के सबसे पसंदीदा डिजिटल भुगतान मोड यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को भी धोखाधड़ी वाले मोबाइल नंबरों का उपयोग करने वालों द्वारा निशाना बनाया गया है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) की शुरूआत की, जो संदिग्ध संख्याओं को मध्यम, उच्च या बहुत उच्च जोखिम के रूप में वर्गीकृत करता है।

ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के रूप में अवैध डिजिटल गतिविधियां भी सामने आई हैं, जो उपयोगकर्ताओं को बड़े रिटर्न के नकली वादे के साथ ऐसे गेम खेलने के लिए अपने ऑनलाइन वॉलेट में धन जमा करने का लालच देते हैं, जिससे आपराधिक आय में 400 करोड़ रूपए से अधिक की कमाई होती है। साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ भारत की लड़ाई को मजबूत बनाते हुए, ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 21 अगस्त 2025 को पारित किया गया। यह कानून ई-स्पोर्ट्स और सोशल ऑनलाइन गेम को प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जबकि यह ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, जिसमें उनके प्रचार, विज्ञापन और वित्तीय लेनदेन शामिल हैं। भारत सरकार ने अपने विशाल ऑनलाइन समुदाय की सुरक्षा के उद्देश्य से मजबूत रक्षा तंत्र लागू किया है। भारतीय तेजी से अपने दैनिक जीवन में इंटरनेट को एकीकृत कर रहे हैं, व्यावसायिक लेन-देन, शिक्षा, वित्तीय गतिविधियों और सरकारी सेवाओं तक डिजिटल रूप से पहुंच जैसी आवश्यक जरूरतों के लिए इस पर भरोसा कर रहे हैं।

### भारतीय बैंक वैश्विक अनिश्चितता, टैरिफ और कमजोर होते रुपए से निपटने के लिए एक बेहतर स्थिति में

**नई दिल्ली 9 अक्टूबर (एजेंसी)।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को एक रिपोर्ट में जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय बैंक वैश्विक अनिश्चितता, टैरिफ, ब्याज दरों में कटौती और कमजोर होते रुपए से निपटने के लिए एक मजबूत और अच्छी स्थिति में है। ग्लोबल रेटिंग फर्म ने कहा कि भारतीय कंपनियों की फाइनेंशियल मजबूती में सुधार हो रहा है। भारतीय बैंकों की मजबूती में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में टैरिफ-हिट सेक्टर में उनका कम निवेश, कंपनियों का कर्ज कम करना और सुरक्षित खुदरा ऋण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि हमें उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में एसेट क्वालिटी में नरमी आएगी, कमजोर ऋण 3.0-3.5 प्रतिशत पर बने रहेंगे और ऋण लागत 80-90 आधार अंक तक बढ़ जाएगी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि तेज रिकवरी से मिलने वाली राहत कम होने और असुरक्षित खुदरा, 10 लाख रुपए से कम के एसएमई ऋण और माइक्रो फाइनेंस जैसे सेक्टर में स्ट्रेस के कारण ऋण लागत बढ़ेगी।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509092200018**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मुकेश मंडावी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश मंडावी आ. स्व. सालिक जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री कु. आराधना आ. उमेश मंडावी का जन्म दिनांक 12.09.2015 को बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509092200021**

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्- 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रसीद खान.
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रसीद खान आ. मुजावदिन जाति मुसलमान सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र सलीम खान आ. रसीद खान का मृत्यु दिनांक 1.01.1987 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

# पटाखा दुकानों को लेकर गाइडलाइन जारी

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** स्थायी और अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने गाइड लाइन जारी कर दी है। हर दुकान में अग्निशामक यंत्र होना रखना मैंडेटरी है। इसके अलावा टीन शेड से ही दुकान बनानी होगी। इसके अलावा 8 और बेसिक तैयारी करने को दुकानदारों से कहा गया है। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं अधिनियम 2018 और नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### आग से बचाव के लिए जरूरी नियम

- पटाखा दुकानें अज्वलनशील सामग्री (जैसे टीन शेड) से बनी हों, कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट आदि ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न किया जाए।
- हर दुकान के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी रखी जाए और दुकानें एक-दूसरे के सामने न हों।
- दुकानों में तेल के लैम्प, गैस लैम्प या खुली बिजली की बत्ती का प्रयोग सख्त प्रतिबंधित है।
- किसी भी दुकान से 50 मीटर के भीतर आतिशबाजी प्रदर्शन करना मनाही है।
- विद्युत तारों में कोई खुला जॉइंट न हो, मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए।साथ ही दुकानें ट्रांसफॉर्मर या हाईटेंशन लाइन के नीचे न हों।
- हर दुकान में 5 किलो क्षमता का षष्टक अग्निशामक यंत्र होना जरूरी है (इसकी मारक क्षमता 6 फीट होती है)।
- दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता वाला पानी का ड्रम और बाल्टियों की व्यवस्था होनी चाहिए।
- पटाखा दुकानों के सामने बाइक और कार पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा।

दुकानों के परिसर में अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस के संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं।
अग्निशमन वाहन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक स्टैंडबॉय ड्यूटी पर रहेंगे।

अव्यवस्था



स्मार्ट सिटी की 'सुंदरता' की हकीकत : **जी.ई. रोड पर सेंट्रल लाइब्रेरी के पास लगी मूर्तियां टूटीं, रंग उखड़ा, लाइटें गायब हैं।**

## एक नजर

### भारतीय डाक सप्ताह 10 अक्टूबर तक

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** भारतीय डाक विभाग प्रतिवर्ष राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाता है, जिसकी शुरुआत 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना की वर्षगांठ पर विश्व डाक दिवस (9 अक्टूबर) से होती है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य नागरिकों एवं संस्थानों में डाक की भूमिका के साथ-साथ वैश्विक, सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक की भूमिका के बारे में जागरुकता पैदा करना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के सभी संभागीय कार्यालयों में प्रतिदिन विषयवार कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगें। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान आयोजित निम्नलिखित कार्यक्रमों में ग्राहकों को डाक विभाग की सभी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इस वर्ष विश्व डाक दिवस का विषय है "#POSTFORPEOPLE LOCAL SERVICE. GLOBAL REACH"

### जै सीतला मईया 10 को होगी रिलीज



**रायपुर, 9 अक्टूबर।** डॉ. पुनीत सोनकर द्वारा निर्देशित बहुचर्चित बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी महान धार्मिक फिल्म जै सीतला मईया के निर्माता अभिनेता लिलेश्वर सिन्हा इस फिल्म में नायक की भूमिका में यह उनका डेब्यू फिल्म है। सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सोनाली सहारे नायिका है। शीतला माता के रोल में स्वीटी साहू एवं प्रसिद्ध लोकमंच फिल्म कलाकार शैलेश साव नारद की आकर्षक भूमिका में है। खलनायक के रोल में जानू साहू । हीरो की मां की भूमिका में प्रसिद्ध अदाकारा व नृत्यांगना अनुराधा दुबे एवं पिता की भूमिका में संजय मैथिल है। वहीं ऑडियंस को हंसाते गुदगुदाते प्रदीप शर्मा फेमस कलाकार भी है. घनश्याम वर्मा, कचरा बोदरा फेम उर्वशी साहू तुनक मिजाज काकी की भूमिका में है। अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम ने भी शानदार रोल किया है। चाइल्ड सेलिब्रिटी नायरा रंगारी ऊर्फपीहू एवं बाल शीतला के रूप में साइनी पांडा भी दिखाई देंगी। उभरती नायिका संध्या मानिक भी बड़ी रोल में नजर आएंगी। जै सीतला मईया फिल्म के निर्माता लिलेश्वर सिन्हा ने बताया कि बॉलीवुड, हॉलीवुड या नेशनल इंटरनेशन फिल्म जगत में अभी तक यह अनटच्ड स्टोरी रहा है, ऐसे विषय पर फिल्म बनाकर मुझे बहुत खुशी है।

### ट्रेलर ने बाइक सवार पत्रकार को रौंदा

**रायपुर, 09 अक्टूबर।** ग्राम मोहंदी ओव्हरब्रीज के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार पत्रकार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक आनंद प्रकाश दिक्षित 60 वर्धमान नगर राजेन्द्र नगर का रहने वाला था। मृतक पेशे से पत्रकार है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम मोहंदी ओव्हरब्रीज के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

### शिक्षा में डिजिटल क्रांति, डिजिटल एवं ई-क्लास को मिलेगा बढ़ावा

# 1100 विद्यालयों को मिलेगी स्मार्ट टीवी की विशेष सौगात

**■ बिल्हा के 25 स्कूलों में स्मार्ट टीवी वितरण**




**रायपुर, 9 अक्टूबर।** शासकीय विद्यालयों में विशेष कर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं उसे रुचि कर बनानें के उद्देश्य से जन सहयोग के माध्यम से जिले के लगभग 1100 विद्यालयों में स्मार्ट टी.व्ही. उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा में डिजिटल क्रांति के तहत बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के 25 स्कूलों में स्मार्ट टीवी वितरण किया गया, जिससे बच्चे मनोरंजक ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सकेगें।

बिल्हा विकासखण्ड में 50 स्मार्ट टी0व्ही श्री नरेश अग्रवाल प्रबंधक मंगल पावर एवं इस्पात बिल्हा के द्वारा प्रदान किया गया है, जिसके प्रथम चरण में आज 25 स्मार्ट टी0व्ही विद्यालयों को प्रदान किया गया है। इस प्रकार शेष विद्यालयों को शीघ्र ही स्मार्ट टी.व्ही. उपलब्ध कराया जायेगा। शिक्षा को बढ़ावा देने एवं उसे बच्चों में रुचि कर बनानें के उद्देश्य से जन सहयोग के माध्यम से जिले मार्ट टी.व्ही. सेट उपलब्ध्ण कराया जा रहा है। बच्चों को डिजिटल एवं ई-क्लास के माध्यम से रुचिकर कर शिक्षा प्रदान की जायेगी, जिससे बच्चों का विद्यालय ओर अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी।

सम्पर्क फॉउडेशन नई दिल्ली द्वारा लगभग 1100 विद्यालयों को निःशुल्क सम्पर्क टी0व्ही डिवाईस भी उपलब्ध कराया जा रहा हैं, जिसके माध्यम से बच्चे मनोरंजक ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सकेगें। इस कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर, कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर प्रबंधक मंगल पावर एवं इस्पात बिल्हा, डी.एम.सी. समग्र शिक्षा बिलासपुर सहित अधिकारी उपस्थित रहे ।

ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व 7 अक्टूबर को प्रथम चरण में नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा शहरी क्षेत्र के 31 शासकीय प्राथमिक शालाओं को स्मार्ट टी.व्ही. का वितरण किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की पहल से जन सहयोग द्वारा विद्यालयों को लगातार स्मार्ट टी.व्ही. उपलब्ध लगातार कराया जा रहा है। बच्चों को डिजिटल एवं ई-क्लास के माध्यम से रुचिकर कर शिक्षा प्रदान की जायेगी जिससे बच्चों का विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ेगी।

# एमएमआई नारायणा की नर्स की चाकू मारकर हत्या

## मनेंद्रगढ़ के युवती की कमरे में खून से लथपथ मिली लाश, बॉयफ्रेंड संग था विवाद

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर के एमएमआई नारायणा अस्पताल की नर्स प्रियंका दास (23) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव कमरे में खून से लथपथ हालत में मिला है। सीने पर चोट के निशान हैं। वो मनेंद्रगढ़ की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि बॉयफ्रेंड के साथ विवाद चल रहा था। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र की है। पड़ोसी कुलेश्वर यादव ने बताया कि, पिछले एक महीने से प्रियंका अपनी तीन सहेलियों के साथ किराए पर रहती थी। गुरुवार सुबह जब उसकी सहेली नाइट ड्यूटी कर लौटी तो कमरे के भीतर प्रियंका की लाश देखी। इसके बाद पड़ोसियों को सूचना दी, फिर मौके पर पुलिस पहुंची।

पड़ोसी के मुताबिक, रूममेट लड़कियों ने बताया कि प्रियंका का अपने बॉयफ्रेंड से किसी बात पर विवाद था। इसके बाद सहेलियों ने उसे वापस घर जाने के लिए कहा था। लेकिन उसने घर जाने से मना कर दिया। पुलिस को आशंका है कि इस मर्डर के पीछे बॉयफ्रेंड से विवाद एक वजह हो सकती है। हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।





**कमरे से किसी को निकलते नहीं देखाः** पड़ोसियों का कहना है कि, उन्होंने किसी को भी प्रियंका के कमरे से निकलते हुए नहीं देखा। न ही लड़ाई झगड़े की कोई तेज आवाज सुनी। जिससे यह साफहै कि मर्डर करने के बाद हत्यारा दूसरों की नजर से बचते हुए मौके से फरार हो गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने युवती की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पोस्टमॉर्टम में युवती के शरीर में चोट के निशान और हत्या का तरीका साफहो पाएगा।

### पुलिस को मौके पर मिला चाकू

टिकरापारा पुलिस को करीब 11:30 बजे हत्या की सूचना मिली। पुलिस को मौके में लड़की के हाथ के पास से चाकू मिला है। जिसे जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि, प्रियंका ने एक दिन पहले अस्पताल में ड्यूटी भी की थी। वह डे शिफ्ट में थी। फिलहाल पुलिस रूममेट से पूछताछ कर रही है।

# महिला आयोग की अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप

## सदस्य बोले- अकेले फैसले लेती हैं, सुनवाई में अनधिकृत लोग शामिल होते हैं

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद नियुक्त हुईं तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और दीपिका सोरी ने आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक और सचिव अभय सोनवानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सदस्यों का कहना है कि आयोग में नियमों का पालन नहीं हो रहा और अध्यक्ष पूरे आयोग को 'एकतरफा ढंग' से चला रही हैं। तीनों सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आयोग में किसी भी सुनवाई या निर्णय में उन्हें शामिल नहीं किया जाता। अध्यक्ष अकेले ही अंतिम निर्णय लेती हैं, जबकि नियम के अनुसार दो सदस्यों की सहमति आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अनधिकृत लोग, यहां तक कि अध्यक्ष के पति और निजी वकील भी मौजूद रहते हैं, जो पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है।



### भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप

सदस्यों ने कहा कि अध्यक्ष भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और आयोग को अपने निजी अधिकार क्षेत्र की तरह चला रही हैं। महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि उन्हें किसी भी संभागीय सुनवाई की जानकारी तक नहीं दी जाती। इसी कारण तीनों सदस्यों ने बुधवार (8 अक्टूबर) को सुनवाई का बहिष्कार किया। सदस्यों का आरोप- चेंबर में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और भूपेश बघेल की तस्वीरें लगी है।

**कोर्ट जाएंगे, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को देंगे जानकारीः** सदस्यों ने घोषणा की है कि वे इस मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे और पूरे प्रकरण की जानकारी विधि विभाग, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आयोग की कार्यप्रणाली 'लोकतांत्रिक भावना के विपरीत' चल रही है।

**सचिव पर तटस्थता खोने का आरोपः** सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि आयोग के सचिव अभय सोनवानी किसी भी सवाल का जवाब नहीं देते। सरला कोसरिया ने कहा कि जब हम आय-व्यय और कार्य संबंधी जानकारी मांगते हैं, तो सचिव जवाब देने से बचते हैं। ऐसा लगता है जैसे वे अध्यक्ष के प्रति जवाबदेह हैं, आयोग के प्रति नहीं।

### चेंबर में नेताओं की तस्वीरों पर भी विवाद

सदस्यों ने यह भी आपत्ति जताई कि महिला आयोग अध्यक्ष के चेंबर में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और भूपेश बघेल की तस्वीरें लगी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें लगनी चाहिए? वहां केवल राज्यपाल और मुख्यमंत्री की फोटो होनी चाहिए।

### अध्यक्ष किरणमयी नायक का जवाब

वहीं इस पूरे विवाद पर अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगी, इस संबंध में सचिव ही जानकारी देंगे। छत्तीसगढ़ महिला आयोग में यह आंतरिक कलह न केवल प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल उठा रही है, बल्कि आयोग की विश्वसनीयता पर भी बड़ा असर डाल रही है। आने वाले दिनों में यह विवाद राजनीतिक रूप भी ले सकता है।

### पति की दीर्घायु के लिए 10 को सुहागिनें करेंगी करवा चौथ का व्रत

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक कृष्ण मास की चतुर्थी तिथि के अवसर पर सुहागिनों द्वारा अपने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर को निर्जला रखा जाएगा। इस हेतु सुहागिनों द्वारा करवा चौथ व्रत की पूजा के लिए घरों घर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। शहर के अधिकांश ब्यूटी पार्लर बुकिंग के लिए अग्रिम रूप से बुक किये गये हैं। सोलह श्रृंगार कर पति के चेहरे को छन्नी में देखने के लिए महिलाएं कल चंद्रोदय का इंतजार करेंगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पहले महिलाओं द्वारा सरगी ग्रहण किया जाता है। उसके बाद निर्जला व्रत शुरू होगा। करवा चौथ की पूजा शाम को होगी। करवा चौथ की पूजा के दौरान पौराणिक मान्यता के अनुसार साहूकार की बेटी करवा और उसके सात भाईयों की कहानी सुनने का रिवाज है। यह अति महत्वपूर्ण है। दूसरी एक और कथा के अनुसार एक नगर में साहूकार की बेटी अपने पति की तनमन धन से सेवा करती थी करवा चौथ के दिन जब वह नदी में स्नान करने गया तो वहां पानी में पहले से मौजूद मगरमच्छ द्वारा उसके प्राण ले लिये गये। पतिव्रता महिला ने यमराज से गोहार करते हुए अपने पति के प्राण वापस लौट आने की प्रार्थना की। उसकी पति भक्ति को देखकर यमराज अति प्रसन्न हुए और पति के प्राण शरीर में वापस डालकर करवा चौथ के इस महत्वपूर्ण पर्व को हमेशा के लिए अमर बना दिया।

# शहीद नंदकुमार पटेल कालेज में नेत्र प्रशिक्षण व जांच शिविर

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगांव, रायपुर (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में रेड क्रॉस यूथ सोसायटी और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नेत्र प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दृष्टि के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना, नेत्र समस्याओं का प्रारंभिक चरण में पता लगाना तथा छात्रों को उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था।

इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर के रेटिना विशेषज्ञों और अन्य प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर की शुरुआत एक जागरूकता व्याख्यान से हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को डिजिटल स्क्रीन के अत्यधिक उपयोग, स्वस्थ जीवनशैली के महत्व तथा नेत्र देखभाल के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। डॉ. विनीत शाह (एम.एस., आप्थाल्मोलॉजी, रेटिना स्पेशलिस्ट, असिस्टेंट प्रोफेसर) ने सामान्य नेत्र रोगों, उनके कारणों और चश्मे की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. ललित कुमार पाटकर (नेत्र सहायक अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीरगांव) ने आँखों की बीमारियों, उनके लक्षणों और निदान के बारे में जानकारी दी।

डॉ. संजय शर्मा (आप्थाल्मिक असिस्टेंट, रेटिना स्पेशलिस्ट) ने छत्तीसगढ़ी भाषा में छात्रों से संवाद स्थापित कर नेत्र स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की और विजेताओं को पेन देकर सम्मानित किया। व्याख्यान के पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि ÷स्वस्थ तन में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है,÷ इसलिए नेत्रों की देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया।



शिविर के दौरान नेत्र यंत्र का विमोचन किया गया जिसे छात्रों में वितरित किया गया। इसके उपरांत नेत्र जांच शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं की नेत्र जांच की गई। विशेषज्ञों ने प्रत्येक प्रतिभागी की आंखों का परीक्षण कर दृष्टि दोष, कलर ब्लाइंडनेस, मोतियाबिंद जैसी समस्याओं का पता लगाया। जिन छात्रों में नेत्र संबंधी समस्याएँ पाई गई, उन्हें व्यक्तिगत परामर्श दिया गया तथा गंभीर मामलों को मेडिकल कॉलेज में आगे के उपचार हेतु संदर्भित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोसमीना कुजूर ने किया। आयोजन में विशेषज्ञ दल के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य–रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. युगबोध पटले, एनएसएस अधिकारी डॉ. कविता कोसरिया, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

**मौसम** कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी

# रायपुर में तेज बारिश, 2 दिन बाद लगेगा ब्रेक

**■ अक्टूबर में अब-तक 109 प्रतिशत ज्यादा बरसा पानी**

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** प्रदेशभर में अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसके साथ ही बादलों की गरज और बिजली चमकने जैसी गतिविधियां भी जारी रह सकती हैं। हालांकि, आज (गुरुवार) के लिए मौसम विभाग ने कोई अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन रायपुर में दोपहर के वक्त तेज बारिश दर्ज की गई।



वहीं कल यानी 10 अक्टूबर के बाद से बारिश पर ब्रेक लग सकता है। इसके अलावा पिछले 24 घंटे की बात करें तो कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई है, सबसे ज्यादा 40रूरूबारिश पेंड्रा रोड में हुई है।

### 15 अक्टूबर के बाद मानसून लौटने के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देश के कई हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफसे मानसून लौटना शुरू होता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार प्रदेश में मानसून करीब 15 अक्टूबर के बाद लौटेगा, यानी सामान्य से करीब 10 दिन देरी से।

तापमान की बात करें तो सबसे अधिक तापमान 33.5 डिग्री राजनांदगांव और सबसे कम तापमान 19.4 डिग्री पेंड्रा रोड में दर्ज किया गया। वहीं, सरगुजा में तापमान गिरने के साथ धुंध छाने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ सकती है। इस बार अक्टूबर माह में अब तक सामान्य से 109% अधिक बारिश दर्ज की गई है। आमतौर पर 8 अक्टूबर तक राज्य में औसतन 28.3 मिमी वर्षा होती है और मानसून लौट चुका होता है, लेकिन इस बार अब तक 59.1 मिमी से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

# मृत महिला को जिंदा बताकर जमीन हड़पी, सात लोगों पर मामला दर्ज

## फर्जी मुख्तयारनामा बनाकर किया था कब्जा, कोर्ट के निर्देश पर दर्ज हुई एफआईआर

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मृत महिला को जीवित दिखाकर उसके नाम से फर्जी मुख्तयारनामा बनाकर जमीन हड़पने का आरोप कारोबारी सहित सात लोगों पर लगा है। पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड शिक्षक देवनाथ देवांगन और अन्य ने चमारिन बाई सोनकर के वारिसों से चंगोराभाठा स्थित खसरा नंबर 78 के हिस्से की जमीन खरीदी थी। जब वे जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे, तो गुरुचरण, मंजीत,इंद्रपाल ,रंजित, हरपाल, अविनाश और लवी ने उस जमीन को अपना बताया।




जांच में सामने आया कि चमारिन बाई की मृत्यु वर्ष 1980 में हो चुकी थी, लेकिन आरोपियों ने 1999 में उन्हें जीवित दिखाते हुए एक काल्पनिक महिला निर्मला सोनकर के नाम से फर्जी मुख्तयारनामा बनवाया। इसी दस्तावेज के आधार पर आरोपियों ने जमीन अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा ली। बाद में कोर्ट ने उस मुख्तयारनामा को फर्जी और शून्य घोषित किया। जब पीड़ित पक्ष ने अपनी जमीन पर कब्जा लेने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें धमकाकर भगा दिया और वहां अपने स्वामित्व का बोर्ड लगा दिया। इसके बाद देवनाथ देवांगन ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों पर IPC की धारा 420, 467, 468 और अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26